

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-150 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 19 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## रूसी महिला बच्चे सहित लापता

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लुकआउट नोटिस जारी करने का दिया आदेश

नई दिल्ली,(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने एक अभूतपूर्व बाल संरक्षकता (कस्टडी) मामले में केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को सख्त निर्देश जारी करते हुए एक रूसी महिला के लिए लुकआउट नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। यह महिला 7 मई से अपने नाबालिग बेटे के साथ लापता है, जिससे उसके भारतीय पति और परिवार में चिंता की लहर दौड़ गई है।मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने की। अदालत ने गुरुवार को कहा कि महिला विक्टोरिया को देश छोड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को आदेश दिया है कि मां-बेटे को जल्द से जल्द खोजा जाए और बच्चे को उसके पिता सैकत बसु को सौंपा जाए।बताया जा रहा है कि सैकत बसु चीन में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में इंजीनियर के तौर पर कार्यरत थे। वहीं उनकी



मुलाकात रूसी महिला विक्टोरिया से हुई। दोनों ने भारत आकर 2017 में विवाह किया और 2020 में एक बेटे का जन्म हुआ। इसके बाद रिश्तों में दरार आने के बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया और दिल्ली की फैमिली कोर्ट में तलाक का मामला दाखिल किया। समझौते के तहत बच्चे को हफ्ते में तीन दिन मां के पास और शेष समय पिता के पास रहना था। दोनों दिल्ली में अलग-अलग घरों में रहते हुए बच्चे की जॉइंट कस्टडी निभा रहे थे। इसके बाद 22 मई को सैकत ने अपने बेटे को आखिरी बार देखा था, जब तीन दिन की कस्टडी मां को मिली थी। इसके बाद 7 जुलाई तक मां-बेटे का कोई पता नहीं चला। महिला का फोन बंद है और वह अपने आवास पर भी नहीं मिली।सैकत बसु और उनके परिवार को संदेह है कि विक्टोरिया भारत की जासूसी कर रही थी और अब बच्चे को लेकर रूस भागने की योजना बना रही है। गौरतलब है कि विक्टोरिया 2019 से भारत में एक्स-1 वीजा पर रह रही थी।सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि महिला और बच्चा देश की सीमाओं से बाहर न जा सकें। लुकआउट सर्कुलर जारी करते हुए आव्रजन विभाग, हवाई अड्डा प्राधिकरण और राजनयिक मिशनों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला : पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को ईडी ने किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में शुक्रवार को छापेमारी की। फिलहाल चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को भिलाई स्थित निवास पर छापा मारा था। कुछ घंटे की गहन तलाशी के बाद चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई। बता दें कि चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन गिरफ्तार किया गया है।चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के समय कांग्रेस कार्यकर्ता भिलाई में पुलिस से भिड़ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों के साथ झड़प की और ईडी के वाहनों को रोकने की कोशिश की।यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ विधानसभा में थे। ईडी की कार्रवाई के विरोध में विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया।



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम के पास मानसून के मौसम में उफनती गंगा नदी के कारण आस-पास के इलाकों में बाढ़ आने से बड़े हनुमान मंदिर आंशिक रूप से जलमग्न हो गया।

## -राजा रघुवंशी हत्याकांड में न्याय की उम्मीद को झटका-

# साक्ष्य मिटाने के आरोपियों को जमानत, मां की तबीयत बिगड़ी, परिवार ने दी सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी



इंदौर /शिलांग (आरएनएस)। इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में न्याय की आस लगाए बैठे परिजनों को तब बड़ा झटका लगा, जब साक्ष्य मिटाने के आरोपी लोकेंद्र तोमर, बलवीर और शिलोम जेम्स को अदालत से जमानत मिली। जमानत की खबर मिलते ही राजा की मां उमा रघुवंशी की हालत अचानक बिगड़ गई और उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। ये वही मां हैं, जो हर रोज दरवाजे की ओर देखती हैं, कि शायद उनका बेटा किसी तरह लौट आए। लेकिन अब उन्हें लगने लगा है कि न्याय भी उन्हीं की तरह दम तोड़ता जा रहा है।आंसुओं में डूबी मां उमा रघुवंशी ने कहा कि राजा मेरी बहू के सपनों में आया था, उसने कहा था वो लौटेगा। लेकिन जब से सुना कि जिन लोगों ने साक्ष्य मिटाए, उन्हें जमानत मिल गई, मेरा कलेजा कांप गया। मुझे अब भी कोई डेथ सर्टिफिकेट नहीं मिला, न कोई कॉल आया, न कोई जवाब। मैं खुद शिलांग जाऊंगी, बेटे के लिए न्याय मांगूंगी।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता, मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर; भारी मात्रा में हथियार बरामद

नारायणपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िले में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कम से कम छह नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने इस संबंध में जानकारी दी है।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार दोपहर उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षा बलों और नक्सलियों का आमना-सामना हो गया। सुरक्षा बलों ने इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद एक संयुक्त अभियान चलाया था। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई गोलीबारी के बाद मुठभेड़ स्थल से अब तक छह नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मौके से एके-47/एसएलआर राइफलें, अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की कई वस्तुएं भी बरामद हुई हैं। पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वन-टू-वन बैठकों से खुले वैश्विक निवेश के नए द्वार

*टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल से लेकर औद्योगिक ट्रांसफॉर्मेशन पर हुई निवेश वार्ता*

*विश्वस्तरीय कंपनियों ने जताई मध्यप्रदेश में निवेश की गहरी रुचि*




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बार्सिलोना प्रवास के तीसरे दिन विश्व की अग्रणी कंपनियों के शीर्ष पदाधिकारियों से वन-टू-वन मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार के नए अवसरों को लेकर विस्तृत चर्चा की। सेनेटरीवेयर, वस्त्र, स्वास्थ्य सेवाएं, डाटा सेंटर, एनीमेशन, ब्रांडिंग और मीडिया नीति जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी वैश्विक कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेशकों की संभावनाओं को लेकर गंभीर रुचि प्रदर्शित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सबसे पहले स्पेन की अग्रणी सेनेटरीवेयर कंपनी रॉका ग्रुप (Roca Group) के कॉर्पोरेट संचालन निदेशक श्री पाउ अबेलो से भेंट की। इस दौरान देवास स्थित कंपनी की इकाई 'रॉका बाथरूम प्रॉडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' (Roca Bathroom Products Pvt. Ltd.) द्वारा किए गए 164.03 करोड़ के निवेश और 445 लोगों को दिए गए रोजगार पर संतोष व्यक्त किया गया। कंपनी ने मध्यप्रदेश में अपनी इकाई के विस्तार और विविधीकरण की योजना भी साझा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वस्त्र क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हेलोटेक्स ग्रुप (Helote& Group) के मालिक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जोर्डी बोनारो ट्रियोलार्ट से भेंट हुई। कंपनी पहले से ही इंदौर स्थित 'प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड' (Pratibha Synte& Ltd.) के साथ साझेदारी में कार्यरत है। बैठक में वस्त्र उद्योग के विस्तार और निवेश प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने पर चर्चा हुई।

## छतरपुर में मकान ढहने से 2 लोगों की मौत, नाले में फंसी एंबुलेंस

छतरपुर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में पिछले 15 घंटे से हो रही तेज बारिश लोगों के लिए आफत बन गई। बारिश से जहां नदी नाले उफान पर है वहीं जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश से जिले में कच्चा मकान ढहने से जहां दो लोगों की मौत हो गई है, वहीं नाले में एंबुलेंस बह गई। इसी तरह नाले में बहे युवक की तलाश जारी है। जिला शिक्षा केंद्र छतरपुर से प्राप्त संदेश के अनुसार कलेक्टर द्वारा जिले में भारी वर्षा को देखते हुए जिले के सभी स्कूलों में आज अवकाश घोषित किया है।जिले के ग्राम ढिलापुर में रात में सो रही मां बेटी के ऊपर कच्चा मकान ढह गया। इस हादसे में बेटी की मौत हो गई और मां घायल है। इसी तरह ग्राम हतना में घर के अंदर जानवर छोड़ने गए युवक के ऊपर कच्ची दीवार गिर गई।

# नर्स निमिषा प्रिया मामला : सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, केस लड़ रही संस्था ने मांगी यमन जाने की इजाजत



नई दिल्ली,(आरएनएस)। यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को फांसी की सजा से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस मामले में सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल नामक संगठन ने कोर्ट से अनुमति मांगी कि उन्हें यमन जाकर मृतक के परिवार वालों से बातचीत करने की इजाजत दी जाए। संगठन का मानना है कि मृतक के परिवार से बातचीत के जरिए निमिषा की सजा को माफ करने या कम करने की संभावना बन सकती है।

ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप सरकार के पास ज्ञापन दीजिए। सरकार अपने हिसाब से इस पर फैसला लेगी। हम इस पर कुछ नहीं कह सकते। इस मामले की अगली सुनवाई अब 16 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि निमिषा की फांसी की सजा को फिलहाल रोक दिया गया है। उन्होंने इसके लिए भारत सरकार का आभार जताया।वकील ने कहा कि अब उन्हें यमन जाकर मृतक के परिवार से बात करने की जरूरत है ताकि इस मामले में कोई सकारात्मक हल निकल सके। वहीं, भारत सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने कोर्ट में कहा कि सरकार नहीं चाहती कि इस मामले में कोई गलत कदम उठे, जिसका नकारात्मक परिणाम हो। सरकार का उद्देश्य निमिषा प्रिया को सुरक्षित भारत वापस लाना है। उन्होंने कोर्ट को आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में पूरी सावधानी और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

## दुष्कर्म के मामले में दो लोगों को उम्रकैद की सजा

जलपाईगुड़ी (आरएनएस)। जिले में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में यहां की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने दोषी करार दिए गए दो आरोपितों कृष्ण महाली और अमित महाली को क्रमशः 25 साल और 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश रिंटू सुर ने शुक्रवार को दोषियों के लिए सजा का ऐलान किया। अभियोजन पक्ष के वकील देबाशीष दत्ता ने बताया कि घटना की शिकायत 2023 में बानरहाट थाने में दर्ज कराई गई थी। एक युवक नाबालिग पीड़िता को अपने घर ले गया और उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो बनाकर अपने दोस्त को भेज दिया। आरोप है कि फिर दोनों दोस्तों ने नाबालिग को वीडियो वायरल करने का झांसा देकर ब्लैकमेल किया और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

## भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत, बेड़े में शामिल होगा देश का पहला स्वदेशी आईएनएस 'निस्तार'




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना अपनी स्वदेशी रक्षा निर्माण क्षमता में एक बड़ा कदम उठाते हुए शुक्रवार को विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में अपनी पहली स्वदेशी निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी), आईएनएस निस्तार को कमीशन करेगी।

इस समारोह की अध्यक्षता रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस ऐतिहासिक अवसर पर मौजूद रहेंगे। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शुक्रवार को एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें आईएनएस निस्तार की खूबियों को बताया गया है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, निस्तार—भारतीय नौसेना का पहला स्वदेशी डिजाइन किया गया डाइविंग सपोर्ट वेसल आज विशाखापत्तनम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की उपस्थिति में कमीशन किया जाएगा। हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित, इसमें 80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री लगी है और 120 एमएसएमई ने मिलकर बनाया है।

## लालू के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक, सुप्रीम कोर्ट से झटका

### -कोर्ट को सुनवाई तेज करने के निर्देश

नई दिल्ली,(ए)। जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव को शुक्रवार को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने लालू के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से मना कर दिया। साथ ही, दिल्ली हाईकोर्ट को सुनवाई तेज करने का निर्देश भी जारी किया। हालांकि, लालू के लिए राहत वाली बात यह हैं कि ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही में व्यक्तिगत तौर पर मौजूद होने से उन्हें छूट मिल गई।

29 मई को दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि कार्यवाही पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण नहीं है। हाईकोर्ट ने लालू की सीबीआई एफआईआर रद्द करने की याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया।

## राहुल गांधी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट को बताया षड्यंत्र,कहा- सरकार मेरे जीजाजी को परेशान कर रही

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट को षड्यंत्र का हिस्सा करार दिया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाए कि उनके बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को पिछले दस साल से यह सरकार (भाजपा सरकार) परेशान कर रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मेरे जीजा रॉबर्ट वाड्रा को पिछले दस



सालों से यह सरकार परेशान कर रही है। यह चार्जशीट उसी षड्यंत्र का एक और हिस्सा है। मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ हूं, क्योंकि वे दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित आरोपों और उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं।कांग्रेस सांसद ने आगे लिखा, मुझे पूरा विश्वास है कि वे सभी किसी भी तरह के अत्याचार का साहसपूर्वक सामना करने में सक्षम हैं और वे हमेशा की तरह गरिमा के साथ इसे सहन करेंगे। आखिरकार सच्चाई की जीत होगी। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ शिकोहपुर भूमि से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में चार्जशीट दाखिल की। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा और उनकी कंपनी की 37.64 करोड़ रुपए की 43 संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अटैच भी किया।

ईडी की चार्जशीट के अनुसार, रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने गुरुग्राम जिले के शिकोहपुर गांव में 3.53 एकड़ जमीन ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपए में झूठे दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी से खरीदी थी।




## अहमदाबाद प्लेन क्रैश : अशोक गहलोत बोले- सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से जांच कराए केंद्र सरकार

जयपुर (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश की आधिकारिक जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाकर केंद्र सरकार के लिए नई मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। उन्होंने इस भयावह हादसे की पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग गठित करने की मांग की है। गहलोत ने आरोप लगाया कि पायलटों को बलि का बकरा बनाना सबसे आसान है, क्योंकि वे अपना पक्ष रखने के लिए जीवित नहीं हैं। पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके गहलोत ने कहा कि हादसे के एक महीने बाद भी मीडिया और सोशल मीडिया में इस पर लगातार चर्चा चल रही है और आधिकारिक रिपोर्ट ने आमजन के मन में और भी शंकाएं बढ़ा दी हैं।उन्होंने कहा कि एक इतने अनुभवी और स्वस्थ पायलट जानबूझकर फ्यूल स्विच क्यों बंद करेगा, यह बात समझ से परे है। गहलोत ने कहा कि 260 लोगों की जान आखिर क्यों गई, यह जानने का हक हर देशवासी को है।

# भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज : अखिलेश यादव



लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। गरीब और जरूरतमंद मरीज इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें न तो अस्पतालों में सुविधाएं मिल पा रही हैं और न ही समय पर एम्बुलेंस या वेंटिलेटर जैसी जरूरी सेवाएं।अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की हालत खराब है। मानकों के अनुरूप सुविधाएं न होने के कारण मरीजों की जान तक चली जा रही है। सरकार मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों को न तो पर्याप्त बजट दे रही है और न ही जरूरी संसाधन। यहां तक कि एम्बुलेंस सेवा भी चरमरा चुकी है।पूर्व मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में 108 एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की गई थी ताकि गरीबों को तत्काल सहायता मिल सके। लेकिन भाजपा ने उसे भी बर्बाद कर दिया। कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर सिर्फ इमारतें खड़ी हैं, जहां न डॉक्टर हैं, न प्रोफेसर, न तकनीकी स्टाफ और न ही जरूरी उपकरण।





# मध्यप्रदेश-सबमर साझेदारी टिकाऊ डिजिटल विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## -बार्सिलोना में सीएम की मुरीद हुई टेक जायंट कंपनी सबमर, विजिट के कुछ घंटों बाद ही कर लिया एमओयू
## -नेक्स्ट जनरेशन के एआई-रेडी डाटा सेंटर की क्षमता को 1 गीगावॉट तक किया जाएगा विकसित



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश सरकार और वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनी सबमर टेक्नोलॉजीस एस.एल. के बीच डिजिटल और तकनीकी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक समझौता हुआ। बार्सिलोना में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम और सबमर के बीच एमओयू संपन्न हुआ। इस समझौते में निवेश, तकनीकी सहयोग और सतत डिजिटल अवसंरचना के विकास पर फोकस किया गया है। यह समझौता केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि नेतृत्व, नीति और परिणाम की मिसाल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 17 जुलाई की रात को बार्सिलोना स्थित सबमर मुख्यालय के भ्रमण के अगले कुछ ही घंटों बाद यह एमओयू साइन होना निवेश के प्रति मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्धता का सुदृढ़ कदम है। मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट विजन से वैश्विक निवेशकों का विश्वास तेज़ी से हासिल करने का भी उदाहरण है।इस समझौते के अंतर्गत मध्यप्रदेश में नेक्स्ट जनरेशन के एआई-रेडी डाटा सेंटर की क्षमता को संयुक्त रूप से 1 गीगावॉट तक विकसित करने के लिए एक रणनीतिक सहयोग स्थापित किया गया है। यह समझौता उन्नत लिक्विड-कूलिंग तकनीकों जैसे इमर्शन कूलिंग और डायरेक्ट-टू-चिप समाधानों पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य ऊर्जा खपत, जल उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव को काफी हद तक कम करना है। यह सहयोग डाटा सेंटर संचालन के लिए वैश्विक दक्षता मानकों के अनुरूप है। यह तकनीक पारंपरिक तरीकों की तुलना में 45 प्रतिशत तक ऊर्जा की बचत और 90 प्रतिशत तक जल संरक्षण करती है। सबमर कंपनी निर्माण, अनुसंधान एवं विकास (R & D) और तकनीकी क्षेत्र में प्रदेश में निवेश करेगी। वहीं मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम इस परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि, आधारभूत संरचना, नीति सहयोग एवं शासकीय औपचारिकताओं का अंतिम रूप देगा। इस साझेदारी का उद्देश्य न केवल डिजिटल क्षेत्र में राज्य की तकनीकी क्षमता को बढ़ाना है, बल्कि कौशल विकास, नवाचार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करना है। प्रदेश के युवाओं को अत्याधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सबमर, मध्यप्रदेश में डाटा सेंटर्स के डिज़ाइन और स्थापना में नई पीढ़ी के मानकों को स्थापित करने में सहायता करेगा। सबमर तकनीकी सलाहकार के रूप में काम करते हुए लिक्विड कूलिंग, ऊर्जा अनुकूलन और एआई आधारित अवसंरचना विकास के लिए वैश्विक विशेषज्ञता प्रदान करेगा। यह सहयोग मध्यप्रदेश को टिकाऊ, एआई-रेडी डिजिटल केंद्र के रूप में स्थापित करेगा और राज्य को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ देगा।इस समझौते के अवसर पर सांस्कृतिक सौहार्द्र का सुंदर दृश्य देखने को भी मिला, जब सबमर के फाउंडर श्री पोल वाल्स सोलर मध्यप्रदेश हैंडलूम से बनी विशेष टाई पहनकर एमओयू कार्यक्रम में शामिल हुए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों की भावना के अनुरूप है और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार की तकनीकी उन्नयन तथा वैश्विक निवेश प्रोत्साहन की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाता है।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का शुक्रवार को राजभवन में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया

# भोपाल में स्कूलों में प्रतिबंधित होंगे ई-रिक्शा



भोपाल।(आरएनएस)। भोपाल की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए सांसद आलोक शर्मा ने शुक्रवार को फिर से जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम समेत अन्य विभाग के अफसरों के साथ बैठक की। इसमें वर्किंग प्लान लेकर नहीं आने पर सांसद ने पीडब्ल्यूडी अफसरों को फटकार लगाई। बैठक में फैसला हुआ कि स्कूलों में ई-रिक्शा प्रतिबंधित किए जाएंगे। एक सप्ताह में लेफ्ट टर्न सुधारे जाएंगे।पीडब्ल्यूडी अफसरों के प्लान नहीं लाने पर सांसद ने कहा कि अधिकारी जब भी बैठक में आएं, तैयारी के साथ आएं। अफसर एक सप्ताह में लेफ्ट टर्न व्यवस्था सुधारने का प्लान एस्टीमेट के साथ तैयार करके दें। शहर के 42 चौराहे हैं, जिनमें लेफ्ट टर्न की समस्या है। इनमें 29 चौराहे पीडब्ल्यूडी और 13 नगर निगम के हैं। दोनों विभाग के अधिकारी मैनिट के ट्रैफिक एक्सपर्ट के साथ मिलकर इन सभी चौराहों की रिपोर्ट एस्टीमेट के साथ प्रस्तुत करेंगे। लेफ्ट टर्न सुधारने के लिए 3 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ई-रिक्शा को स्कूलों में प्रतिबंधित करने को कहा। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को ई-रिक्शा में बैठाकर स्कूल भेजना ठीक नहीं है। अतिक्रमण और सड़कों से कंडम वाहन हटाने की मुहिम की भी समीक्षा की गई। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बारिश की वजह से दो-तीन दिन अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका, लेकिन बाद में लगातार यह मुहिम जारी है।

सांसद आलोक शर्मा ने सड़कों पर बेतरतीब तरीके से लगाए गए विद्युत ट्रांसफॉर्मर और खंबों को हटाने कलेक्टर से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में इसके लिए नई पॉलिसी बनाने पर चर्चा हुई थी। इस पर अधिकारियों ने बताया कि विद्युत विभाग की कमेटी बन चुकी है। इसकी एक बैठक भी हो चुकी है। अगली बैठक में विद्युत विभाग की एमडी और सक्षम अधिकारियों को भी बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा गया।सांसद शर्मा ने कहा, पॉलिसी ऐसी बने कि भविष्य में यदि किसी को भी अपने घर के सामने रोड पर या कॉलोनी में विद्युत खंबे लगाना है, ट्रांसफॉर्मर लगाना है तो उसके लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की अनुमतियां लेना आवश्यक किया जाए। जिससे बिजली के खंबे और ट्रांसफॉर्मर शहर की यातायात व्यवस्था में बाधक न बने।पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। सांसद ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्मार्ट पार्किंग आम नागरिकों के लिए है, न कि स्थायी मासिक पास धारकों के लिए। उन्होंने कहा, पार्किंग स्थल सुबह 8 से लेकर रात 11 बजे तक खुलने चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मासिक पास की व्यवस्था तत्काल समाप्त की जाए। ताकि आमजन के लिए पार्किंग अधिक सुलभ हो सके।

## परिचित ने किया युवती का शारीरिक शोषण

भोपाल।(आरएनएस)। निशातपुरा क्षेत्र में रहने वाली 24 वर्षीय युवती के साथ लंबे समय तक रेप का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक शुभम भारती को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि युवक ने शादी का झांसा देकर करीब 3 साल तक युवती का शारीरिक शोषण किया। जब युवती ने शादी का दबाव डाला तो आरोपी ने इनकार कर दिया और संपर्क तोड़ लिया।पुलिस के अनुसार, युवती 6 साल पहले निशातपुरा इलाके में अपनी बड़ी बहन के साथ रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसी दौरान उसकी मुलाकात शुभम भारती से हुई, जो उसके ही गांव का रहने वाला है। परिचय बढ़ने पर दोनों के बीच दोस्ती और फिर प्रेम संबंध बन गए।युवती ने बताया कि करीब तीन साल पहले शुभम ने मौका पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। जब उसने इसका विरोध किया और परिजनों या पुलिस को बताने की बात कही, तो युवक ने शादी का वादा कर उसे चुप करा दिया।शुभम ने युवती को जल्द शादी करने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाए। युवती के अनुसार, बीते 3 वर्षों में वह लगातार उसका शोषण करता रहा। कुछ समय पहले जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो शुभम ने न केवल शादी से इनकार किया, बल्कि उसके साथ मारपीट भी की और संपर्क पूरी तरह तोड़ लिया।शादी से इनकार और मारपीट के बाद युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद मामला दर्ज करते हुए आरोपी शुभम भारती को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इस समय एक निजी कंपनी में काम कर रहा था। मामले की जांच जारी है।

## गांजा तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

भोपाल।(आरएनएस)। क्राइम ब्रांच ने गांजा तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने बोलेरो की सीट के नीचे बॉक्स बना रखा था, जिसमें गांजा भर दिया गया था, जिसे पुलिस ने ढूंढ निकाला है। हरियाणा हिसार के रास्ते गांजा लाकर भोपाल में खपाने का काम आरोपी करते थे।गांजा उधारी में लाते और यहां खपाने के बाद ऑनलाइन पेमेंट किया करते थे। पुलिस ने 30 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत 16 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। वहीं एक बोलेरो वाहन जब्त किया गया है। मामले में दीपक सविता (40) और मुकेश कुमार राठौर(52) को गिरफ्तार किया गया है।एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर द्वारा मोबाइल के माध्यम से सूचना मिली कि बैरागढ़ के बैरागढ़ कलां में महिन्द्रा बोलेरो वाहन में दो व्यक्ति सवार हैं, जो वाहन में गुप्त चेंबर बनाकर अवैध गांजा छिपाकर रखे हुए हैं। पुलिस ने गाड़ी को घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने तलाशी ली तो 6 पैकेट में गांजा रखा हुआ मिला। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्वयं हरियाणा से वाहन चलाकर गांजा भोपाल तक लाए हैं। गांजे को बेचने के बाद इसका पैमेंट हिसार में बैठे सरगना को देना था।

## 10 साल की बेटी को मां बिना अनुमति भोपाल ले आई,छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ आया पिता

भोपाल (आरएनएस)। गौतम नगर में रहने वाली राखी सिन्हा के घर शुक्रवार सुबह छत्तीसगढ़ पुलिस वारंट लेकर पहुंची। महिला ने पुलिस को देख घर के दरवाजे बंद कर लिए और अंदर से खुद को 10 साल की बेटी के साथ बंद कर लिया। पुलिस की टीम काफी देर तक दरवाजा खुलवाने की कोशिश करती रही, लेकिन महिला तैयार नहीं हुई। बाद में गोविंदपुरा पुलिस की समझाइश के बाद महिला बाहर आई और पुलिस दोनों को थाने ले गई।

दरअसल, राखी सिन्हा और उनके पति अभिनव श्रीवास्तव के बीच कोर्ट से सेप्रेशन हो चुका है। कोर्ट ने बच्ची की कस्टडी पिता को सौंपी थी, जबकि मां को सप्ताह में दो दिन मिलने की अनुमति थी। कुछ दिन पहले राखी बच्ची से मिलने गईं और उसे बिना अनुमति भोपाल ले आईं। इस बात की जानकारी पिता ने कोर्ट को दी, जिसके बाद कोर्ट ने महिला के खिलाफ वारंट जारी किया और बच्ची की कस्टडी दोबारा पिता को सौंपने के निर्देश दिए।शुक्रवार को छत्तीसगढ़ पुलिस इसी आदेश की तामील के लिए भोपाल पहुंची थी। राखी सिन्हा ने वारंट लेने से इनकार कर दिया और खुद को बच्ची के साथ कमरे में बंद कर लिया। बाद में स्थानीय पुलिस की मध्यस्थता से वह बाहर आईं। बच्ची का पिता, जो छत्तीसगढ़ पीडब्ल्यूडी में अधिकारी है, पुलिस के साथ मौजूद था। वहीं मां ने बताया कि वह मध्यप्रदेश बीज निगम में पदस्थ हैं।

## आंगनवाड़ी केंद्र का सबनानी ने किया भूमि पूजन

भोपाल।(आरएनएस)।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने वार्ड 30 के बलबीर नगर में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन किया। यह आंगनवाड़ी ट्रांसफोर्मेशन प्रोजेक?ट के तहत बनेंगी, जो प्रोटो टाइप आंगनवाड़ी होगी। यहां पर पेरेन्?ट कॉर्नर, डॉक?टर कॉर्नर, फीडिंग कॉर्नर, प?ले जोन, पोषण वाटिका, हैडवॉश युनिट, रिप?ले, टीवी, बच?चों का फर्नीचर, मच?छरजाली जैसी सुविधायें दी जाएगी, इसमें वाटर हारवेस्टिंग भी की जाएंगी, नवाचार करते हुए सूचनाओं के लिए क?यूआर कोड भी लगाये जाएंगे। इसके बनने से बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, बच्चों की सुरक्षा के मध्येनजर भी इसमें कहीं महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएंगे। सबनानी ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा जनमानस की सुविधाओं के साथ उनकी सुरक्षा की बात करती है, यह आने वाले छोटे बच्चे कल के भारत के निर्माणकर्ता बनेंगे। मैं सभी अभिभावकों को बताना चाहता हूं कि यहां पर आपके बच्चे को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा, जो भविष्य में उनकी शिक्षा के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में ही लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया।

## राजनीति में शुचिता आई, अब अफसरशाही में आना जरूरी, तभी रुकेगा भ्रष्टाचार-उमा भारती

भोपाल।(आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा है कि राजनीति में अब शुचिता आ चुकी है, लेकिन अफसरशाही में अभी इसकी कमी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को भी राजनीति की तरह शुचिता अपनानी चाहिए, तभी भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।राजधानी भोपाल में मीडिया से चर्चा के दौरान उमा भारती ने यह बातें कही। उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी जिसमें 75 वर्ष की उम्र के बाद सक्रिय राजनीति से दूर रहने की बात कही गई थी। उमा ने स्पष्ट किया कि उनकी उम्र अभी 75 वर्ष नहीं हुई है और इस बयान को लेकर जो भी बातें सामने आ रही हैं, वे पूरी तरह गलत और निराधार हैं।उमा भारती ने कहा कि 1990 से 1992 के दौरान जिन सरकारों का दबाव था, उस समय उन्हें प्रताड़ना का सामना करना पड़ा था।

# 166 स्थाई और 25 चलित रसोई केंद्रों से जरूरतमंदों को 5 रुपये में भोजन

## 6 धार्मिक नगरों में श्रृद्धालुओं को भी 5 रूपए में भोजन




भोपाल (आरएनएस)। दीनदयाल रसोई योजना में नगरीय निकायों द्वारा अब तक करीब 4 करोड़ 60 लाख भोजन थाली का वितरण मात्र 5 रूपये प्रति थाली की दर पर जरूरतमंदों को किया गया है। यह योजना 51 जिला मुख्यालयों के 191 रसोई केन्द्रों के माध्यम से संचालित है। इनमें 166 स्थाई और 25 चलित रसोई केन्द्र कार्यरत हैं। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में व्यवसाय और श्रम कार्यों के सिलसिले में ग्रामीण क्षेत्रों से जरूरतमंद परिवारों का निरंतर आगमन होता है। नगरीय निकायों द्वारा इनके ठहरने और किफायती दर पर भोजन व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे हैं।वर्तमान में 166 स्थाई रसोई केन्द्र में से 16 नगर निगमों में 58 रसोई केन्द्र और 99 नगर पालिका परिषद में 99 रसोई केन्द्र और 9 नगर परिषदों में 9 रसोई केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही 25 चलित रसोई केन्द्र में से 16 नगर निगमों में 23 और 2 नगर पालिका परिषद में 2 चलित रसोई केन्द्र संचालित हो रहे हैं। नगरीय निकायों द्वारा चलित रसोई केन्द्र की व्यवस्था इस उद्देश्य से की गई है कि जिन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रमिक कार्य कर रहे हैं उन्हें कार्य स्थल पर ही किफायती दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाये। प्रदेश में चलित रसोई केन्द्र के वाहनों और उपकरणों की एकरूपता के लिये नगरीय प्रशासन संचालनालय ने सुसज्जित वाहन उपलब्ध कराने की योजना तैयार की है। इसी के साथ दीनदयाल रसोई योजना के लिये नगरीय निकायों को अनुदान राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के विस्तार के लिये 68 नवीन रसोई घरों के संचालन का प्रस्ताव स्वीकृति के लिये राज्य शासन को भेजा गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 6 धार्मिक नगरों मैहर, चित्रकूट, ओंकारेश्वर, महेश्वर, ओरछा और अमरकंटक में भी बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये दीनदयाल रसोई योजना का विस्तार किया है।

## जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा कोलार समुदाए स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया गया

भोपाल (आरएनएस)। जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव एवं डॉ. सुदर्शना शर्मा द्वारा शुक्रवार को सीएचसी कोलार का भ्रमण किया गया। वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लैब मे मलेरिया की जांच के सम्बन्ध आवश्यक निर्देश दिए गए।

मलेरिया कार्यालय में जोन क्रमांक - 5 से 8 तक के कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें नयी दवा नीति 2013 द्वारा मलेरिया उपचारित किया जाए। मलेरिया विवक्स इन्फेक्शन मे 14 दिन का उपचार पूर्ण दिआ जाए एवं फालसिपारम इन्फेक्शन मे 3 दिवस की कॉम्बिनेशन थेरेपी दीं जाए। डेंगू एडीस मछर के लार्वा विनस्टीकरण के लिए घर -घर जमा पानी मे जला हुआ तेल, कबाड़ का उचित निष्पादन, गमले टायर एवं अन्य अनुपयोगी सामान को हटाने के निर्देश समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

## मंत्री को जल समाधि ले लेना चाहिए- जीतू पटवारी

भोपाल।(आरएनएस)। सड़कों में हो रहे गड्ढों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। सड़कों के निर्माण में करप्शन का जिक्र करते हुए पटवारी ने कहा कि गड्ढों में सरकार को डूबकर मर जाना चाहिए। मंत्री को जल समाधि ले लेना चाहिए या फिर स्थायी समाधान ढूंढना



चाहिए। पटवारी ने प्रदेश के आईएएस-आईपीएस अफसरों पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि इनकी वैध और अवैध संपत्ति की जानकारी कांग्रेस जुटा रही है। पटवारी ने ये बातें गुरुवार को मीडिया से चर्चा में कहीं।उन्होंने कहा कि एमपी में सड़कों की हालत सबके सामने है। लोगों का पैसा लूटने वाले मंत्री जवाबदेही स्वीकार करने के बजाय यह कह रहे हैं कि सड़कें हैं तो गड्ढे होते रहेंगे। एक भी मंत्री ऐसा नहीं है जो लूट के काम में न लगा हो। पटवारी ने कहा कि विधानसभा सत्र के पहले कांग्रेस का दो दिनी प्रशिक्षण हो रहा है, जिसमें एमपी सरकार के 52 घपलों पर चर्चा होगी और इसे विधानसभा में जोर-शोर से उठाने के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सिंहस्थ के लिए कराए जाने वाले कामों में करप्शन का आरोप लगाते हुए कहा कि सिंहस्थ को लेकर एमपी में सरकार द्वारा ऐसे नार्म्स बनाए जा रहे हैं, जिसमें चहेती कंपनियों को सीधा टेंडर देने की प्लानिंग की जा रही है। हैदराबाद और गुजरात की कंपिनयों को इसमें फायदा पहुंचाया जा रहा है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि वर्ष 2013 से आज तक कितने बच्चों को रोजगार दिया है। इसका मामला विधानसभा में उठाएंगे। कांग्रेस रोजगार और करप्शन को लेकर श्वेत पत्र लाएगी। सरकार से श्वेत पत्र मांग रहे हैं पर सरकार तो दे ही नहीं रही है। पटवारी ने कहा कि सरकार से यह मांग है कि इन्वेस्टर समिट का श्वेत पत्र जारी करे।

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने के लिये 365 दिन टैलेंट सर्च : मंत्री श्री सारंग

## जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारियों तथा युवा समन्वयकों की कार्यशाला
## खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने किया सीधा संवाद



भोपाल (ए.)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि खेल प्रतिभाओं को अवसर देने के लिये प्रत्येक दिन टैलेंट सर्च के संकल्प के साथ कार्य किया जाए, जिससे प्रदेश की लगभग 9 करोड़ जनसंख्या में से कम से कम 50 लाख युवाओं की खेल प्रतिभा को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। श्री सारंग शुक्रवार को समन्वय भवन में आयोजित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारियों तथा युवा समन्वयकों की कार्यशाला में संवाद कर रहे थे। कार्यशाला में विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचायें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि युवा समन्वयकों से 3 माह बाद पुनः संवाद होगा। उन्होंने कहा कि जिस ब्लॉक में जनसंख्या कम है वहां खिलाड़ियों की खोज के लिए ब्लॉक का क्लस्टर बनाकर टैलेंट सर्च आयोजित किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि युवा समन्वयक स्कूल गेम्स और अन्य विभागों से भी समन्वय करें।

**समन्वयक युवाओं से सतत सम्पर्क करें**

मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि समन्वयक प्रत्येक ब्लॉक में सक्रिय भूमिका निभाते हुए युवाओं के संपर्क में रहें और उन्हें विभागीय गतिविधियों से जोड़ें। उन्होंने कहा कि युवा समन्वयकों की तीन माह बाद कार्यों की पुनः समीक्षा की जाएगी। कम जनसंख्या वाले किन्तु खेल प्रतिभा वाले ब्लॉकों को जोड़कर ब्लॉक क्लस्टर बनाकर टैलेंट सर्च कार्यक्रम चलाने का सुझाव भी उन्होंने दिया। कार्यशाला के दौरान खेलो बढ़ो अभियान, पार्थ योजना, फिट इंडिया क्लब, एक जिला-एक खेल, खेलो एमपी यूथ गेम्स के नए स्वरूप, टैलेंट सर्च कार्यक्रम और जिलों में किये गए नवाचारों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

**नशा मुक्ति अभियान में युवाओं की भागीदारी जरूरी**

मंत्री श्री सारंग ने युवाओं से नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और जागरूकता लाई जा सकती है।

# जबलपुर में युवक फर्जी SP बनकर पुलिस को ठगता रहा, यूपी-एमपी में हड़कंप

जबलपुर (ए.)। सोशल मीडिया और तकनीक के इस दौर में अपराधियों के लिए किसी को फोन के माध्यम से ठगना बेहद आसान हो गया है, मोबाइल फोन पर आवाज और मैसेज के जरिए देशभर में हर दिन हजारों लोगों के साथ ठगी की वारदातें हो रही हैं लेकिन यदि कोई आपको पुलिस अधिकारी बनकर कॉल करे और किसी भी वजह से पैसे मांगे तो ज़रा सावधान रहिएगा क्योंकि साइबर फ्रॉड करने वालों के दिल में अब पुलिस का डर खत्म हो चुका है और वे पुलिस को ही अपना हथियार बनाकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला जबलपुर के पाटन तहसील के रहने वाले संकेत यादव का है जो उत्तर प्रदेश के कासगंज की एसपी अंकिता शर्मा बनकर लोगों को चूना लगा रहा था लेकिन अब यह शातिर ठग उत्तर प्रदेश की जेल में सलाखों के पीछे कैद है. संकेत यादव का यह कोई पहला अपराध नहीं है बल्कि



इसके पहले आगरा और बदायूं में भी इसने पुलिस अफसर बनकर कई लोगों के साथ ठगी की है, जिसके लिए इसे जेल भी हो चुकी है। महज 21 साल की उम्र में इस नटवरलाल ने ना सिर्फ ठगी की वारदातें की बल्कि पुलिस अफसर बनकर पुलिस वालों के जरिए ठगी की वारदातें की हैं. जो इसके शातिराना दिमाग की सोच को दर्शा रही है, बहरहाल अब संकेत यादव एक बार फिर सलाखों के पीछे है.

उत्तर प्रदेश की कासगंज पुलिस के साथ खड़ा मासूम सा दिखने वाला यह युवक महज 21 साल का है लेकिन इसके कारनामों ने उत्तर प्रदेश पुलिस पुलिस को भी हैरान कर दिया है. भोली सूरत वाले इस युवक का नाम संकेत यादव है जिसके पिता एक चाय की दुकान चलाते हैं, संकेत नवमी कक्षा तक पढ़ा है

लेकिन इसके दिमाग किसी आईटी एक्सपर्ट से कम नहीं है. इस छोटी सी उम्र में इसने जालसाजी के ऐसे ऐसे कारनामे किए हैं जिस सुनकर हर कोई हैरान है. इसकी जालसाजी के कई किसी सामने आ चुके हैं जिनमें इसकी शातिर बुद्धि ने षडयंत्र रचने में एक रिकॉर्ड बना लिया है.

## खाचरोद स्थित प्रभा गैस सर्विस पर कार्यवाही की गई

उज्जैन,(ए.)। शुक्रवार को चाइल्ड लाइन भोपाल एवं अनुविभागीय अधिकारी खाचरौद द्वारा प्राप्त शिकायत पर पुलिस के सहयोग से जिला टास्क फोर्स द्वारा स्टेशन रोड खाचरौद स्थित संस्थान प्रभा गैस सर्विस पर बाल श्रम अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान नियोजित श्रमिको में कोई बाल/किशोर श्रमिक कार्यरत नही पाया गया। नियोजक द्वारा अधिनियम की धारा 12 का उल्लंघन पाए जाने पर श्रम निरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह गौड़ द्वारा कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

## आदर्श नल जल योजना के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न समुदाय और पंचायत मिलकर बनाएंगे अपने ग्रामों की आदर्श नल जल योजना : नरेंद्र सिंह

शिवपुरी (ए.)। जल जीवन मिशन जल जीवन मिशन के अंतर्गत शिवपुरी जिले के लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग के सहयोग तथा यूनिसेफ और जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान के द्वारा आदर्श नल जल योजना बनाए



जाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है जिसके तहत जिले की 4 नल जल योजनाओं को चयनित किया गया है। इसी क्रम में गतदिवस होटल मातोश्री में एक दिवसीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में वॉश ऑफिसर नरेंद्र सिंह यूनिसेफ मध्यप्रदेश तथा कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल, जिला समन्वयक बाइस राम धाकड़, जिला जल जांच प्रयोगशाला की अधिकारी रंजना शर्मा, जिला फैसिलिटेटर धर्मेंद्र सोनी उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण 4 ग्रामों कोटा, हातोद, गंगौर, भड़ा बावड़ी के सरपंच, सचिव, नल जल मित्र एवं व्हीडब्ल्यूएससी के सदस्य, स्वयं सहायता समूह के सदस्य प्रतिभागियों ने लिया। राज्य स्तरीय सलाहकार यूनिसेफ भोपाल के प्रशिक्षक रविंद्र पारे ने जल गुणवत्ता एवं समुदाय संचालित आदर्श नल जल योजना के लिए समर्थंकरी माहौल बनाना और पंचायत की जिम्मेदारी संवेदनशीलता तथा नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण दिया। जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी भोपाल से पधारे विवेक भट्ट नोडल ऑफिसर वाल्मी ने प्रशिक्षण में सामुदायिक भागीदारी विषय के अंतर्गत जल स्त्रोत का शुद्धिकरण और सुरक्षा नल से शुद्ध जल की महत्व को बताया। सुश्री मोनिका मेम यूनिसेफ भोपाल ने महिला स्वसहायता समूह के माध्यम से कैसे महिलाओं को सशक्त करते हुए ग्राम स्तरीय नल जल योजनाओ में उनकी भागीदारी की जा सकती है, इस पर प्रस्तुतीकरण दिया।

## ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे बने मकान के मालिकों को नोटिस जारी

इंदौर (ए.)। इंदौर शहर की नई कॉलोनियों सहित कई इलाकों में कई मकान एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित दायरे में बन गये हैं। यह निर्माण वर्षों पहले स्थापित



ट्रांसमिशन लाईनों के समीप किए गए जो न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। एम.पी. ट्रांसको ने पिछले तीन वर्षों में ऐसे 892निर्माणों के लिये नोटिस जारी किए हैं। एम.पी. ट्रांसको द्वारा अपने स्तर पर इन्हें हटाने के कई प्रयास समय-समय पर किए जाते हैं, साथ ही जिला प्रशासन की मदद से भी अभियान चलाया जाता है। वर्षों पहले स्थापित हुई इन एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे बसे रहवासी मकान न केवल विद्युत सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि यह जनजीवन को गंभीर खतरे में डाल रहे हैं। इंदौर के लिंबोदी, मुसाखेड़ी, खजराना, मुखर्जी नगर, बाणगंगा, नेमावर रोड, सुखलिया, देवास नाका, खंडवा रोड आदि क्षेत्र ऐसे हैं जहां न्यूनतम सुरक्षा दूरी नहीं है और दुर्घटना की आशंका अधिक है।

## कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा सेवरखेड़ी बेराज का निरीक्षण किया गया

उज्जैन (ए.)। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा शुक्रवार को सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सेवरखेड़ी बैराज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि क्षिप्रा नदी पर बन रहे सेवरखेड़ी बैराज में कंक्रीटिंग का कार्य प्रगतिरत है तथा कई हिस्सों में कार्य क्रेस्ट लेवल तक किया जा चुका है। सेवरखेड़ी बैराज की जलग्रहण क्षमता 1.45 मिलियन घन मीटर है, जहां से शिप्रा नदी में वर्षा के दौरान आने वाले 51 मिलियन घन मीटर पानी को पंपिंग



कर सिलारखेड़ी बैलेंसिंग रिजर्वायर में छोड़ा जाएगा। इस दौरान ईई जल संसाधन विभाग मयंक सिंह और अन्य अधिकारिगण मौजुद थे ।

# सांसद आशीष दुबे ने किसानों को वितरित किये रागी के बीज

### किसानों को बताये मोटे अनाज श्री अन्न से होने वाले फायदे

जबलपुर(ए.)। सांसद आशीष दुबे ने आज पाटन विकासखण्ड के ग्राम दिघौरा में किसानों को रागी के बीजों का वितरण किया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग



द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में दिघौरा एवं इसके आसपास के 64 किसानों को रागी के बीज के मिनी किट वितरित किये गये। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। सांसद श्री दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसलिये केंद्र और राज्य सरकार की ज्यादातर योजनाएं कृषि और किसानों पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि कृषि में आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार कोदो-कुटकी और रागी जैसे मोटे अनाज के उत्पादन को भी प्रोत्साहित कर रही है।

# 13 सितंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

कटनी (ए.)। नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

# कांग्रेस के शहर बंद का शासन प्रशासन पर नहीं दिख रहा असर

बुरहानपुर (ए.)। कांग्रेस द्वारा नगर निगम की कथित अनावश्यक अतिक्रमण विरोधी मुहिम, स्मार्ट मीटर लगाने की जबरन कार्यवाही, जर्जर सड़कों की हालत और गंदे पानी की समस्या के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए शहर बंद का आयोजन किया गया था। कांग्रेस ने स्पष्ट अल्टीमेटम देते हुए माँग की थी कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हाथ ठेला व्यवसायियों को उनके स्थान से न हटाया जाए, स्मार्ट मीटर लगाने की जबरदस्ती रोकी जाए, सड़कों की मरम्मत तत्काल की जाए और गंदे पानी की समस्या से राहत दी जाए। लेकिन इस आंदोलन को चार दिन बीत चुके हैं, शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। उलटे नगर निगम ने सख्ती बरतते हुए सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों के ठेले और दोपहिया वाहन जप्त करने की कार्रवाई और तेज कर दी है।



स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य भी जारी है, जबकि स्मार्ट मीटर की विश्वसनीयता और उसके फास्ट चलने से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और ऊर्जा मंत्री स्वयं इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि इसमें कहीं ना कहीं कोई खामी होगी जिसे दुरुस्त कराया जाएगा लेकिन इसके बाद भी विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा आंख बंद कर मीटर लगाने के कार्य को जारी रखा गया है जिस पर रोक के कोई आदेश सामने नहीं आए हैं। जर्जर सड़कों की मरम्मत भी ठंडे बस्ते में है। कांग्रेस के बंद का प्रशासन पर कोई खास असर नहीं पड़ा है, जिससे आम जनता में रोष और निराशा दोनों देखने को मिल रही है। जनता अब ठोस कार्रवाई और संवाद की उम्मीद लगाए बैठी है। नगर निगम द्वारा सड़क किनारे खड़े दो पहिया वाहनों को तो जप्त किया जा रहा है जबकि इस स्थान पर अन्य बड़े चार पहिया वाहन खड़े हैं उन पर कोई कार्यवाही भी नहीं की जा रही है नगर निगम की इस भेदभावपूर्ण कार्रवाई का भी लोगों के द्वारा विरोध किया जा रहा है शहर के व्यस्ततम इलाके कमल तिराहे पर खड़े बेतरतीब वाहनों पर नगर निगम और ट्रैफिक विभाग यहां कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

## व्यापार समाचार

## कंपनी ने अपनी इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट में 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का किया इस्तेमाल : काइनेटिक ग्रीन सीईओ

नई दिल्ली (आरएनएस)। काइनेटिक ग्रीन की सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि कंपनी द्वारा टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ साझेदारी में वैश्विक बाजार के लिए पेश की गई इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट



में 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का इस्तेमाल किया गया है।

काइनेटिक ग्रीन की सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, काइनेटिक ग्रुप हमेशा इनोवेटिव प्रोडक्ट्स को लाता है। हमने नई टेक्नोलॉजी लाने के लिए हमेशा बड़ी कंपनियों जैसे मर्सिडीज-बेंज, होंडा मोटर कंपनी, हुंडई ताइजिन और कई अन्य के साथ साझेदारी की है और मार्केट में बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने आगे कहा कि यह भी एक ऐसा ही प्रयास है ,जिसमें हमने तेजी से बढ़ रहे गोल्फ और लाइफस्टाइल सेगमेंट में ध्यान केंद्रित किया है और टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ साझेदारी की है। इसमें भारतीय इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग के साथ इटली के डिजाइन का एक मिश्रण देखने को मिलेगा। मोटवानी ने बताया, यह पहली बार है जब भारत में बने ईवी प्रोडक्ट्स को दुनिया के सामने पेश किया गया है। मुझे गर्व है कि इसे बनाने में हमने 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का इस्तेमाल किया है और सही मायनों में यह मेड इन इंडिया प्रोडक्ट है।काइनेटिक ग्रीन एनर्जी ने गुरुवार को 'मेड इन इंडिया' इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट का ग्लोबल लॉन्च किया था। इस गोल्फ कार्ट को कंपनी ने इटली के ब्रांड टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ मिलकर तैयार किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रोडक्ट के लॉन्च के साथ ही काइनेटिक ग्रीन की एंट्री दोपहिया और तिपहिया वाहनों से बढ़कर चारपहिया वाहन सेगमेंट में हो गई है। कंपनी द्वारा लॉन्च की गई गोल्फ और लग्जरी कार्ट की मुख्य फीचर्स में सुगमता के लिए अनुकूलित मैकफर्सन सस्पेंशन और स्थिरता के लिए उन्नत चार-पहिया ब्रेक के साथ हाइड्रोलिक शामिल हैं। पावर यूनिट 45 एनएम टॉर्क और 30 प्रतिशत ग्रेडेबिलिटी उत्पन्न करने में सक्षम है, जिससे कहीं भी जाना आसान होगा।

# एप्पल ने भारत में 2025 की पहली छमाही में बनाए रिकॉर्ड तोड़ आईफोन, निर्यात में भी सबसे ज्यादा वृद्धि

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि एप्पल ने भारत में स्मार्टफोन निर्माण में एक नया मानक स्थापित किया है और 2025 की पहली छमाही के दौरान आईफोन उत्पादन के साथ-साथ निर्यात में अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए ग्लोबल टेक मैन्युफैक्चरिंग में देश की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, एप्पल ने भारत में रिकॉर्ड आईफोन उत्पादन हासिल किया।

मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी और जून 2025 के बीच भारत में आईफोन उत्पादन सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 23.9 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया।

2017 में देश में स्मार्टफोन असेंबलिंग शुरू करने के बाद से यह एप्पल का सबसे बड़ा विस्तार है।

इस वृद्धि को खासकर चीनी वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा उच्च टैरिफ के मंडराते खतरे के बीच एप्पल की चीन पर निर्भरता कम करने की रणनीति के तहत देखा जा रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात में भी इसी तरह



की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है।भारत में निर्मित आईफोन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा गंतव्य था, जहां कुल निर्यात का 78 प्रतिशत निर्यात हुआ, जो एक साल पहले 53 प्रतिशत था।नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, यूके और जापान जैसे अन्य बाजारों में भारतीय आईफोन शिपमेंट में उनकी हिस्सेदारी में गिरावट देखी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्सकॉन ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अग्रणी भूमिका निभाई, जिसने निर्यात किए गए आईफोन में आधे से अधिक का योगदान दिया।

टाटा समूह भी एक मजबूत प्लेयर के रूप में उभरा है, जो अब भारत से एप्पल के आईफोन निर्यात का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है।

विश्लेषकों का कहना है कि यह बेहतर मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन और भारत की क्षमताओं में एप्पल के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

कैनालिस ओमडिया के प्रमुख विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, यह भारत में एप्पल का अब तक का सबसे पहला प्रमुख उत्पादन विस्तार हो सकता है।

उन्होंने कहा कि अगर भारत चीन के प्रोडक्शन टाइमलाइन की बराबरी कर लेता है तो यह एप्पल की ग्लोबल सप्लाई चेन रणनीति में एक नया अध्याय लिखेगा।इस वृद्धि को इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का भी समर्थन प्राप्त है, जो स्थानीय उत्पादन बढ़ाने के लिए निर्माताओं को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।यह विकास मेक इन इंडिया पहल को भी एक बढ़ावा देता है, जिसका उद्देश्य देश को एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना है।

## रुपया गिरावट पर बंद



मुम्बई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को दो पैसे की गिरावट के साथ ही 86.14 रुपये पर बंद हुआ। रुपया गुरुवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.12 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ 98.45 पर आ गया।

वहीं गत दिवस रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे की बढ़त के साथ 85.80 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती एवं विदेशी पूंजी की निकासी ने हालांकि स्थानीय मुद्रा में तेज बढ़त को रोक दिया।

## केंद्र ने भारत के ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 के लिए शुरु किया काम

नई दिल्ली ,(आरएनएस) । भारी उद्योग मंत्रालय ने ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 (एएमपी 2047) तैयार करने की पहल की है। इसका उद्देश्य 2047 तक भारत को ग्लोबल ऑटोमोटिव सेक्टर में अग्रणी बनाने के लिए इनोवेशन, वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में बताया गया कि यह पहल विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप एक रणनीतिक रोडमैप है, जो पिछली ऑटोमोटिव मिशन योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित है, जिन्होंने हितधारकों के सहयोग से भारत के ऑटोमोटिव सेक्टर में वृद्धि को बढ़ावा दिया था।एएमपी 2047 उप-समितियों की उद्घाटन बैठक उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित की गई।

## सोने में नरमी, चांदी में आई तेजी

नई दिल्ली (आरएनएस)। घरेलू बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमतों में नरमी रही। इसके अलावा चांदी के वायदा कारोबार में भी बढ़त रही है। घरेलू बाजार में सोना भाव 97,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,12,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने के वायदा भाव नीचे आये जबकि चांदी के भाव ऊपर आये।



सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज 153 रुपये नीचे आकर 97,320 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 97,473 रुपये था। वहीं एक समय ये अनुबंध 74 रुपये की गिरावट के साथ 97,399 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय ये 97,434 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 97,320 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। आज सुबह चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्सा पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध आज 195 रुपये की तेजी के साथ 1,12,529 रुपये पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,12,334 रुपये था। एक समया ये अनुबंध 254 रुपये की तेजी के साथ 1,12,588 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 1,12,800 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,12,529 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 501 , निफ्टी 143 अंक गिरा

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 501 अंकों नीचे आकर 81,757.73 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 143 अंक टूटकर 24,968.40 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर विप्रो, टाटा स्टील, ओएनजीसी, इंडसइंड बैंक और इंफोसिस के सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि एक्सिस बैंक, श्रीराम फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचडीएफसी लाइफ के शेयर गिरावट पर बंद हुए।

## BSNL का डबल धमाका: 1 लाख 5G टावर लगाने के साथ लॉन्च किया 180 दिन वाला सबसे सस्ता प्लान, JIO-AIRTEL की बढ़ी टेंशन!





नई दिल्ली(आरएनएस)। सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) अब निजी कंपनियों Jio, Airtel और Vi को हर मोर्चे पर कड़ी टक्कर देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक तरफ जहां BSNL ने देशभर में 1 लाख नए 4G/5G टावर लगाकर अपने नेटवर्क को मजबूत किया है, वहीं दूसरी ओर 180 दिनों की वैलिडिटी वाला एक ऐसा सस्ता प्लान पेश किया है, जो निजी कंपनियों के होश उड़ा सकता है।

**नेटवर्क हुआ मजबूत, 5G लॉन्चिंग की तैयारी**

टेलीकॉम कंपनी के चेयरमैन ने हाल ही में घोषणा की थी कि BSNL 1 लाख और नए टावर लगाने की तैयारी में है। इसके साथ ही कंपनी जल्द ही अपनी पूर्ण 5त्र सर्विस भी लॉन्च करने वाली है। इसकी शुरुआत हैदराबाद में 5त्र फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (FWA) सर्विस के साथ हो चुकी है, जिसे जल्द ही दक्षिण भारत के अन्य शहरों में भी शुरू किया जाएगा।

**180 दिन की वैलिडिटी वाला BSNरुका धांसू प्लान**

BSNL का यह प्रीपेड प्लान 897 का है। इसमें ग्राहकों को पूरे 180 दिनों की लंबी वैलिडिटी मिलती है। इस प्लान में किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग, रोजाना 100 मुफ्त SMS और फ्री नेशनल रोमिंग की सुविधा शामिल है। डेटा के लिए इसमें कुल 90GB हाई-स्पीड डेटा दिया जाता है, जिसे इस्तेमाल करने की कोई डेली लिमिट नहीं है। यूजर चाहे तो इस डेटा को एक दिन में या पूरी वैलिडिटी के दौरान कभी भी इस्तेमाल कर सकता है।

**Jio, Airtel, Vi से काफी सस्ता**

अगर BSNL के इस प्लान की तुलना निजी कंपनियों से करें तो 900 की रेंज में Jio, Airtel और Vi जैसी कंपनियां सिर्फ 84 दिनों की वैलिडिटी वाले प्लान ऑफर करती हैं। वहीं, Vi का 180 दिनों की वैलिडिटी वाला प्लान BSNL के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा महंगा है। ऐसे में लंबी वैलिडिटी चाहने वाले यूजर्स के लिए BSNL का यह प्लान एक बेहतरीन और किफायती विकल्प है।


# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## ईओएल वाहनों को राहत

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर केंद्र के आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी में समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों (ईओएल) में ईधन भरने पर प्रतिबंध के कार्यान्वयन को एक नवम्बर तक स्थगित करने का फैसला किया है। दिल्ली में अब यह अभियान राष्ट्रीय राजधानी से सटे पांच उच्च वाहन घनत्व वाले जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत के साथ इसी साल एक नवम्बर से शुरू किया जाएगा। ईओएल वाहन 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल चालित वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन हैं। पहले जारी निर्देश में कहा गया था कि ऐसे वाहनों को एक जुलाई से दिल्ली में ईधन नहीं दिया जाएगा, चाहे वे किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। इस फैसले का क्रियान्वयन शुरू होते ही जनाक्रोश बढ़ा तो दिल्ली सरकार को अहसास होने लगा कि यह फैसला प्रतिगामी साबित हो सकता है। यह भी लगने लगा कि यह फैसला समय से पहले उठा लिया गया कदम है। क्रियान्वयन में परिचालनगत और ढांचागत चुनौतियां भी समझ आने लगीं। सरकार के हाथ-पांव फूलने लगे और उसने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) से ईओएल के खिलाफ कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया। इस पर सीक्यूएम ने समीक्षा बैठक करके इस फैसले पर फिलवक्त रोक लगाने का निर्णय लिया है।

दरअसल, यह फैसला जब नवम्बर में लागू किया जाएगा तब भी दिल्ली सरकार को तमाम चुनौतियों का सामना करना होगा। एक तो यह क्रियान्वयन इतना सख्त है कि एक भी ईओएल बचने नहीं पाएगा। ऐसे में जब्ती होगी।पुराने वाहन से वाहन स्वामियों का भावनात्मक लगाव होता है, इसके अलावा कई वाहन स्वामी अपने वाहनों को अच्छे से मेंटेन करके रखते हैं और उन्हें लगता है कि उनके वाहन प्रदूषणकारी नहीं है, जो सच भी होता है, तो ऐसे में उनकी जब्ती उन्हें पच नहीं सकेगी। बीते दिनों इस फैसले के क्रियान्वयन के पहले ही दिन जिस तरह वाहन पेट्रोल पंपों पर जब्त करके वाहन स्वामियों को 'पैदल' कर दिया गया उससे खासा जनाक्रोश पनपा।वाहन स्वामियों के नजरिए से देखें तो उन्हें गलत नहीं कहा जा सकता। बेशक, प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर की जाने वाली किसी भी कवायद या नियम-कायदे को खारिज नहीं किया जा सकता। लेकिन सरकार को इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि नया वाहन खरीदने के लिए मध्यम या निम्न मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ पड़ना तय है। नये वाहन के लिए ऋण आदि की सहूलियत दिया जाना जरूरी है। बिना इसके आने वाले समय में भी जनाक्रोश रोके नहीं रुकेगा।



भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल सुशील मेनन की कमान में पूर्वी बेड़े के भारतीय नौसेना के जहाजों में से एक का सिंगापुर में स्वागत किया गया। नौसेना के जहाज दिल्ली, सतपुड़ा, शक्ति और किल्टन 16 जुलाई को सिंगापुर पहुँचे।


# एमपी के स्वच्छता मॉडल ने पेश की नई मिसाल, इंदौर के साथ चमके कई शहर

-हर्षवर्धन पान्डे/

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है।

इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है। 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बुधनी सर्वश्रेष्ठ शहर बन कर उभरा है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन की प्रेरणा और जनभागीदारी इस सफलता का आधार रहा। इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है।




शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है।इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है।एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है।नगर निगम ने स्वच्छता के लिए कई नवाचार किए हैं। प्रत्येक घर से कचरा एकत्र करने के लिए उसने अनेक वाहन तैनात किए जिसने गीले, सूखे और खतरनाक कचरे को अलग करने की प्रक्रिया को जन-जन तक पहुंचाया।

भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इंदौर ने लगातार आठ वर्षों (2017-2024) तक स्वच्छता सर्वेक्षण में पहला स्थान हासिल किया है जो अपने आप में मध्यप्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल ने जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल न केवल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर नगर निगम और जिला प्रशासन ने प्रतिदिन स्वच्छता को प्राथमिकता देने का काम किया है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जिससे इंदौर की जनता ने स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाया। इंदौर ने न केवल स्वच्छता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, बल्कि यह अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में सुपर स्वच्छता लीग में शीर्ष स्थान और लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतना इंदौर की मेहनत, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। यह शहर न केवल स्वच्छता, बल्कि नागरिकों की जागरूकता और प्रशासनिक कुशलता का प्रतीक बन चुका है।देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप में भोपाल ने स्वच्छता के क्षेत्र में भी आदर्श प्रस्तुत किया है।

विभिन्न श्रेणियों में ग्वालियर, देवास, शाहगंज और जबलपुर भी पुरस्कृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसमें मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के इस मापदंड के आधार पर अपने घर, मोहल्ले, कॉलोनी और नगर को स्वच्छ रखें और इस आदर्श जीवन शैली को दुनिया के बीच प्रदर्शित करने का प्रयास करें।

## (चिंतन-मनन) सुख की उपेक्षा क्यों?

मेरे पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दु:ख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है।

संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी-जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे ह्रदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी।

ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं। सुनो- 'बोलू हरिनाम तू छोड़ि दे काम सब, सहज में मुक्ति होई जाय तेरी।काम यानी कामना। काम यानी वासना। काम यानी इच्छा, तृष्णा। यह मिले वह मिले-कुछ मिले! जब तक हम मिलने की दौड़ में होते हैं, हम भिखमंगे होते हैं। और जब तक हम भिखमंगे होते हैं, तब तक परमात्मा नहीं मिलता। परमात्मा भिखमंगों को मिलता ही नहीं। परमात्मा सम्राटों को मिलता है। परमात्मा उनको मिलता है जो अपने मालिक है। परमात्मा उनको मिलता है जो कुछ मांगते ही नहीं।

# मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश

अजय टम्टा

पिछले कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं। क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालाँकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारत भर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गई इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया।

इसके जवाब में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2020 जारी किये थे। इन दिशानिर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढाँचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्योग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 पेश किया है। यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है।

मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नए नियम दिशानिर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।


दिशानिर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराए के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खासकर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रूपये का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाय गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लायेंगे।

इसके अलावा, नए दिशानिर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराए के 20त्न तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है, कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी।

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहाँ यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। ड्राइवरों को समय- समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।

यात्रियों के लिए भी ये दिशानिर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और किराए में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नए दिशानिर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी।

एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा।




मेष राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपको बिजनेस में बढ़िया धनलाभ होने के संकेत मिल रहे हैं। इस राशि की जिन महिलाओं को बिजनेस शुरू करना है, उनको घरवालों का पूरा साथ मिलेगा। आज जीवनसाथी के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा, आप कहीं घूमने ङ्क फिरने जा सकते हैं। छात्रों को आज बाहर जाकर पढ़ने का मौका मिलेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप बिजनेस के मामलों में सोच ङ्क समझकर ही निर्णय लेंगे। आज ऑफिस का काम समय पर पूरा हो जाने से आपके मन को शांति मिलेगी और आप नए टारगेट बनाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलने से पढ़ने में सहायता मिलेगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जो आपकी तरक्की में सहायक होंगे। छात्र आज अपने अटके कार्य को पूरा करने में सफल रहेंगे। अगर आप इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो आज आपकी सफलता के योग बन रहे हैं। आज आप अपने किसी दोस्त की आर्थिक मदद करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा, काम में पेरेंट्स का सहयोग मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। आज आपको बच्चों की सफलता से खुशी मिलेगी और बच्चों में भी आत्मविश्वास बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने भी जा सकते, आपके बीच प्यार व सम्मान बढ़ेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन सुनहरा रहने वाला है। आज आलस्य को त्याग कर कुछ नया करने का दिन है। इस राशि के जो लोग सामाजिक सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं, उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा और आपको कुछ बड़ा करने की प्रेरणा मिलेगी। काफी दिनों से चल रही पारिवारिक उलझन, आज ख़त्म हो जाएगी। परिवार में खुशियां आएंगी, आप परिवार के साथ टूर प्लान कर सकते हैं।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप किसी बड़ी योजना पर काम करने का सुझाव अपने माता-पिता के सामने रखेंगे, उनका आपको पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

तुला राशि: आज आपका दिन खुशी के पल लेकर आया है। प्राइवेट ऑफिस में नौकरी करने वालों को आज नए प्रोजेक्ट पर काम करने की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। आप किसी जरूरतमंद की सहायता करेंगे, आपको खुशी मिलेगी। इस राशि के जो लोग खेलकूद से जुड़े हैं, उनको आज अपने कोच से कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन बना रहेगा। आज आपके विवेक से आपका रुका हुआ कोई काम बन जायेगा। ऑफिस का माहौल सुकून भरा रहने से काम करने के तरीकों में सुधार होगा। आज जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बना रहेगा, रिश्तों में मधुरता आएगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। अगर आप अपने बिजनेस से जुड़ी नयी ब्रांच ओपन करना चाहते हैं, तो घर वालों से इस विषय में बात कर सकते हैं। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलने के बाद दुनिया को देखने का आपका दृष्टिकोण बदल जायेगा।

मकर राशि: आज का दिन मिली ङ्क जुली प्रतिक्रिया देने वाला होगा। आज किसी काम की वजह से यात्रा करनी पड़ सकती है, जिसके अच्छे रिजल्ट आपको भविष्य में देखने को मिलेंगे। आज किसी की मदद से आपके सरकारी काम बनेंगे। इस राशि की महिलाएं जो घर से किसी काम की शुरुआत करना चाहती है, उनको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

कुम्भ राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी आवश्यक काम को पूरा कर लेंगे, जिससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज आप किसी से अपने मन की बात शेयर करेंगे वह आपकी बात को जरूर समझेगा। सामाजिक या धार्मिक गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा, आपके मन मुताबिक़ कार्यसंपन्न होंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, घर में सुख ङ्क सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। आज पूरी मेहनत व एकाग्रता से काम को करने का समय है, आपके काम में जल्द ही सफलता के योग बन रहे हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने से, आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। लवमेट आज एक ङ्क दूसरे के साथ अच्छा समय बितायेंगे और आप डिनर करने भी जा सकते हैं। आज आप किसी जरूरी मीटिंग में हिस्सा लेंगे

# हिन्दी को लेकर फिर से विवाद

नवल किशोर कुमार

हिन्दी भाषा को लेकर फिर से विवाद गरमा गया है। इस बार विवाद भाजपा शासित महाराष्ट्र में सामने आया है। हिन्दी को अनिवार्य बनाने की कोशिशों को झटका लगा है। वहां मराठीभाषियों के विरोध को देखते हुए सरकार को अपने कदम खींचने पड़े हैं।

हालिया मराठी-हिन्दी विवाद की शुरु आत नई शिक्षा नीति-2020 के तहत त्रिभाषा फॉर्मूले को चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाने को लेकर हुई। राज्य शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्ताव आया कि-कक्षा एक से दसवीं कक्षा तक हिन्दी की पढ़ाई शुरू की जाए ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार किए जा सकें।

महाराष्ट्र में पचास के दशक से ही मराठी पहचान को लेकर राजनीति जारी है। मराठी भाषा का सवाल उस दौर से ही बेहद संवेदनशील मुद्दा रहा है। यह केवल शिक्षा नीति से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्मिता से भी इसका नाभि-नाल का संबंध है। हालांकि इसके पहले दक्षिण भारत के राज्यों खासकर तमिलनाडु में केंद्र सरकार की पहल का तीखा विरोध हुआ।

हालांकि यह विवाद कोई नया विवाद नहीं है। आजादी के पहले से यह चला आ रहा है लेकिन मूल सवाल यह है कि अब यह विवाद क्यों गहराता जा रहा है? तो इसका जवाब यह है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्यों को तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी पढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

इसे लेकर विवाद क्यों है, इसे इस तरह से समझा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल में बांग्ला स्थानीय भाषा है, जिसे वहां राजकीय शासन-प्रशासन में इस्तेमाल में लाया जाता है। बांग्ला के अलावा वहां अंग्रेजी को सरकारी मान्यता प्राप्त है, और शिक्षण संस्थानों में भी। अब केंद्र सरकार का कहना है कि वहां तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी भी शामिल की जाए। यही स्थिति उन सभी राज्यों में है, जहां की स्थानीय भाषा को पहले से ही सरकारी मान्यता प्राप्त है। यह सवाल कि हिन्दी का विरोध क्यों किया जा रहा है, तो इसके पीछे एक बड़ा सवाल अस्मिता और संस्कृतियों से जुड़ा है। यदि हम तमिलनाडु की ही बात करें तो वहां द्रविड़ संस्कृति रही है, और तमिल को सबसे प्राचीन भाषा का सम्मान भी प्राप्त है। वहां हिन्दी का विरोध कर रहे लोगों का हमेशा तर्क रहा है कि हिन्दी को शामिल करने से हिन्दी से संबंधित संस्कृतियों का समावेशन होगा जिससे द्रविड़ संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा।

असल में भारत, जो विभिन्न धर्मो और मान्यताओं वाला देश है, में हर प्रांत की अपनी मान्यताएं और संस्कृतियां हैं। सही है कि हिन्दी को उत्तर भारत में सर्वोच्च स्थान हासिल है, और इसका विस्तार मध्य भारत के मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में है लेकिन हिन्दी को अभी तक राष्ट्रव्यापी समर्थन नहीं मिल सका है और इसकी वजहें विभिन्न संस्कृतियां व उनसे जुड़ी अस्मिताएं हैं। हिन्दी के विरोध अब इस स्तर तक पहुंच गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी सफाई देनी पड़ रही है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सफाई दी है कि संघ बहुत पहले से मानता रहा है कि भारत की सभी भाषाएं, राष्ट्रीय भाषाएं हैं। हालांकि यह पूरी तरह सत्य नहीं है। तमिल, कन्नड़, उड़िया, बांग्ला आदि भाषाओं को भारत सरकार ने भले ही आठवीं अनुसूची में जगह दे दी है, लेकिन अब भी राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रचार-प्रसार की वैसी कवायद सामने नहीं आई हैं, जिस तरह की हिन्दी को लेकर की जाती रही है। इसके साथ यह भी कहा है कि प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में ही होनी चाहिए।

असल में महाराष्ट्र में विरोध के पीछे की राजनीति को दरकिनार नहीं किया जा सकता लेकिन इसका दूसरा पक्ष, जिसे नई शिक्षा नीति के संदर्भ में जरूर देखा जाना चाहिए, यह है कि तीन भाषाओं को पढ़ने से छात्रों की ऊर्जा का अपव्यय होगा। इसे ऐसे समझें कि कोई छात्र तमिल और अंग्रेजी में पढ़ाई कर रहा है, तो उसके लिए हिन्दी पढ़ना अतिरिक्त बोझ के समान होगा। इससे उनकी मेधा प्रभावित होगी। हालांकि केंद्र सरकार ने जिस नीयत से हिन्दी को पूरे भारत में थोपने की जो कोशिश की है, उसके मूल में हिन्दुत्व का प्रसार है। इसके पहले एक कोशिश संस्कृत के लिए भी की गई और अब भी कई प्रांतों में स्कूली छात्रों के लिए संस्कृत पढ़ना आवश्यक है। इसके बावजूद कि इस भाषा को पढ़ने का कोई लाभ व्यावहारिक जीवन में नहीं मिलता। यही स्थिति हिन्दी के मामले में भी है। इसकी वजह है हिन्दी की सर्वत्र स्वीकार्यता। मतलब यह कि अंग्रेजी के जरिए आज वैश्विक स्तर पर संवादों का अदान-प्रदान संभव है। बड़ी से बड़ी नौकरियां अंग्रेजी के कारण हासिल की जा सकती हैं। हिन्दी या क्षेत्रीय भाषाओं के अध्ययन से यह संभव नहीं है।

भाषा के विवाद के मूल में जहां एक ओर हिन्दुत्व को थोपने की संघी मानसिकता तो है ही, दलित, पिछड़े और आदिवासियों को अंग्रेजी से दूर रख कर उन्हें शासन-प्रशासन से अलग रखने की मंशा भी सामने आती है। वजह यह कि सरकार की नीति कहती है कि हिन्दी सरकारी स्कूलों में अनिवार्य की जाए। जाहिर तौर पर गैर-हिन्दी छात्र हिन्दी पढ़ने को बाध्य किए जाएंगे तथा अंग्रेजी से दूर किए जाएंगे जबकि देश भर के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्कूलों मसलन, केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ाई की भाषा अंग्रेजी है। जब यह व्यवस्था की गई थी तब तर्क था कि इन विद्यालयों में केंद्र सरकार के कर्मियों के बच्चे पढ़ेंगे जिनका स्थानांतरण अलग-अलग राज्यों में किया जाता है लेकिन बाद में यह प्राइवेट स्कूलों में भी आम चलन हो गया।

आज स्थिति यह है कि सुविधा संपन्न लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में अधिक संख्या दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों की होती है। जाहिर है कि केवल सरकारी स्कूलों में हिन्दी को बढ़ावा और अंग्रेजी को कम महत्त्व दिया गया तो इसका नुकसान सबसे अधिक इन वर्ग के छात्रों को होगा। और यह बड़ा नुकसान होगा। इससे भारत के विकास की गति धीमी होगी। समाज का वह वर्ग जो पहले से ही शासक वर्ग रहा है, और अधिक मजबूत होगा। जबकि कमजोर तबके के लोग और कमजोर होते जाएंगे। यह इस तरह से होगा कि अंग्रेजी पढ़ने वाले बच्चे ऊंचे पदों की नौकरियों के लिए आसानी से योग्य बनते जाएंगे तथा कॉरपोरेट सेक्टर में भी अपने लिए आसानी से स्थान बना सकेंगे जबकि हिन्दी में पढ़ने वाले आरक्षण के बावजूद 'नॉट फाउंड सूटेबिल' करार देकर बाहर कर दिए जाएंगे।

(लेख में विचार निजी हैं)



राष्ट्रीय समाचार

शनिवार 19 जुलाई 2025, नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5


## विविध-समाचार

### आप नेताओं की बढ़ेंगी मुश्किलें, 3 घोटालों के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज, ईडी करेगी जांच

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने पार्टी सरकार के समय हुए तीन बड़े घोटालों की जांच शुरू कर दी है। इन घोटालों में 6368 करोड़ रुपये से ज्यादा की गड़बड़ी का शक है। ईडी ने इन मामलों में केस दर्ज कर लिया है। ये केस अस्पताल बनाने, रैन बसेरा (शेल्टर होम) और सीसीटीवी कैमरे लगाने से जुड़े हैं।

अस्पताल घोटाला : 5590 करोड़ रुपये

2018-19 में दिल्ली सरकार ने 24 अस्पताल बनवाने का फैसला लिया था। सरकार ने कहा था कि 6 महीने में अस्पताल बनकर तैयार हो जाएंगे। लेकिन 800 करोड़ रुपये खर्च हो गए, फिर भी आधा काम भी नहीं हुआ। लोक नायक अस्पताल का खर्च 488 करोड़ से बढ़कर 1135 करोड़ रुपये हो गया। ईडी का आरोप है कि बिना ठीक से मंजूरी लिए काम शुरू कर दिया गया। ईडी जल्द ही AAP के नेताओं से पूछताछ करेगी। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और सौरभ भारद्वाज से सवाल-जवाब हो सकते हैं। सत्येंद्र जैन पहले भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल जा चुके हैं, अभी जमानत पर बाहर हैं। वहीं शेल्टर होम (रैन बसेरा) बनाने में भी गड़बड़ी के आरोप हैं और दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने के काम में भी गड़बड़ी की जांच हो रही है।

### गोल्डन टेंपल को उड़ाने की धमकी देने वाले 2 गिरफ्तार, तमिलनाडु से पकड़े गए; एसजीपीसी को भेजे थे 5 मेल

अमृतसर (आरएनएस)। अमृतसर के गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकियों के मामले में सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। इस केस में तमिलनाडु से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को धमकी भरे ई-मेल भेजने के मामले में पकड़े गए हैं।

14 जुलाई से अब तक SGPC को पांच धमकी भरे ई-मेल मिल चुके हैं। मेल में गोल्डन टेंपल को RDX से उड़ाने की बात कही गई थी। इसके बाद अमृतसर में सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं। मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में सख्त सुरक्षा और तलाशी अभियान चलाया गया। पिछले दो दिनों से जांच टीमें तमिलनाडु में सक्रिय थीं। दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, लेकिन उनकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। अब एजेंसियां यह जांच कर रही हैं कि यह अकेला साइबर हमला था या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क या कट्टरपंथी साजिश है।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश : अशोक गहलोत बोले- सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से जांच कराए केंद्र सरकार

जयपुर (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश की आधिकारिक जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाकर केंद्र सरकार के लिए नई मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। उन्होंने इस भयावह हादसे की पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग गठित करने की मांग की है। गहलोत ने आरोप लगाया कि पायलटों को बलि का बकरा बनाना सबसे आसान है, क्योंकि वे अपना पक्ष रखने के लिए जीवित नहीं हैं। पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके गहलोत ने कहा कि हादसे के एक महीने बाद भी मीडिया और सोशल मीडिया में इस पर लगातार चर्चा चल रही है और आधिकारिक रिपोर्ट ने आमजन के मन में और भी शंकाएं बढ़ा दी हैं।उन्होंने कहा कि एक इतने अनुभवी और स्वस्थ पायलट जानबूझकर फ्यूल स्विच क्यों बंद करेगा, यह बात समझ से परे है। गहलोत ने कहा कि 260 लोगों की जान आखिर क्यों गई, यह जानने का हक हर देशवासी को है।उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि इस आयोग में भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों और एविएशन सेक्टर के विशेषज्ञों को शामिल किया जाए, ताकि हर पहलू की निष्पक्ष जांच हो सके और हवाई यात्रा पर आमजन का भरोसा फिर से कायम हो सके। उनका यह बयान सीधे तौर पर सरकार की आधिकारिक जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है, जिससे यह मुद्दा अब एक राजनीतिक विवाद का रूप ले रहा है।

### अजमेर में मूसलाधार बारिश ने जनजीवन किया ठप, 12 घंटे में 64 मिलीमीटर बरसात, स्कूल बंद, अस्पताल-रेलवे स्टेशन जलमग्न

अजमेर (आरएनएस)। मूसलाधार बारिश ने गुरुवार रात से हुई अजमेर शहर को पानी-पानी कर दिया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है. पिछले 12 घंटों में रिकॉर्ड 64 मिलीमीटर (M M) बरसात दर्ज की गई है. शहर के मुख्य मार्ग, गलियां और कॉलोनियां पानी में डूब गई हैं, और लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं.बारिश की भीषणता को देखते हुए, जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी है. शहर के कई इलाकों में घरों के अंदर तक पानी घुस गया है, जिससे निवासियों को भारी परेशानी हो रही है.जवाहरलाल नेहरू (JLN) हॉस्पिटल के वार्डों में पानी भरने से मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. अस्पताल के बाहर भी पानी जमा होने से आवागमन प्रभावित हुआ है. रेलवे स्टेशन परिसर भी पूरी तरह जलमग्न है.पुष्कर रोड पर मित्तल हॉस्पिटल के बाहर और मुख्य सड़क पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों को निकलने में दिक्कत हो रही है. नगरा क्षेत्र की सुनहरी कॉलोनी और आसपास के इलाके भी पानी में डूबे हैं. वैशाली नगर क्षेत्र की गलियों में पानी का स्तर इतना बढ़ गया कि एक ड्राइवर को अपने टैंपो की छत पर चढ़ना पड़ा. श्रीनगर रोड और अलवर गेट क्षेत्र में भी यही हाल है. तेज बारिश के कारण बांडी नदी में पानी का तेज उफान देखा जा रहा है और झरनेश्वर

# जनसभा को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस और आरजेडी की बुरी नजर से बिहार को बचाना

मोतिहारी,(ए)। बिहार के मोतिहारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित कर आरजेडी और कांग्रेस पर खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के नाम पर राजनीति करती आई हैं, लेकिन बराबरी का अधिकार दूर, ये परिवार से बाहर के लोगों को सम्मान तक नहीं देते। इन लोगों का अहंकार आज पूरा बिहार खुद देख रहा है। हमें बिहार को इनकी बुरी नीयत से बचाकर रखना है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधकर कहा कि पूर्वी भारत को आगे बढ़ाने के लिए हमें बिहार को विकसित बिहार बनाना है। आज बिहार में इतनी तेजी से काम इसकारण हो रहा है क्योंकि केंद्र और राज्य में बिहार के लिए काम करने वाली सरकार है। जब केंद्र में कांग्रेस और आरजेडी की सरकार थी, तब यूपीए के 10 साल में बिहार को सिर्फ 2 लाख करोड़ रुपए के मिले। इसका मतलब साफ हैं कि नीतीश जी की सरकार से ये लोग बदला ले रहे थे। बिहार और बिहारवासियों से बदला ले रहे थे। 2014 में केंद्र में आपने मुझे सेवा करने का मौका दिया। केंद्र में आने के बाद मैंने बिहार से बदला लेने वाली उस पुरानी राजनीति को भी समाप्त कर दिया। बीते 10 साल में, एनडीए के 10 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो राशि दी गई है, वहां पहले से कई गुना ज्यादा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस और राजद के मुकाबले कई गुना ज्यादा पैसा बिहार को 10 सालों में हमारी सरकार ने दिया। ये पैसा बिहार में



## आरजेडी और कांग्रेस के राज में गरीब को पक्के घर मिलना असंभव

जनकल्याण और विकास परियोजनाओं के लिए दिया गया है। आज की पीढ़ी को जानना जरूरी है कि बिहार दो दशक पहले किस तरह हताशा में डूबा हुआ था। आरजेडी और कांग्रेस के राज में विकास पर ब्रेक लगा हुआ था, गरीब का पैसा गरीब तक पहुंचना असंभव था। जो शासन में थे, उन लोगों में बस यही सोच थी कि कैसे गरीब के हक का पैसा लूट लें।

उन्होंने कहा कि बिहार असंभव को भी संभव बनाने वाले वीरों की धरती है। आप लोगों ने धरती को आरजेडी और कांग्रेस की बेड़ियों से मुक्त किया, असंभव को संभव बनाया। इसकी परिणामा हैं कि आज बिहार में गरीब कल्याण को योजनाएं सीधे गरीबों तक पहुंच रही है। बीते 11 वर्षों में पीएम आवास योजना के तहत देश में गरीबों के लिए 4 करोड़ से भी ज्यादा घर बने हैं। इसमें करीब 60 लाख घर सिर्फ बिहार में बने हैं। हमारे अकेले मोतिहारी जिले में ही 3 लाख के करीब गरीब परिवारों को पक्के घर मिलें हैं और गिनती लगातार बढ़ रही है। आरजेडी और कांग्रेस के राज में गरीब को इसतरह के पक्के घर मिलना असंभव था। जिन लोगों के राज में लोग अपने घरों में रंग-रोगन तक नहीं करवाते थे, डरते थे कि अगर रंग-रोगन हो गया, तब पता नहीं कि मकान मालिक को ही उठवा लिया जाए।पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में जैसे पश्चिमी भारत में मुंबई है, वैसे ही पूरब में मोतिहारी का नाम हो। जिस तरह के मौके गुरुग्राम में हैं, वैसे ही अवसर गया जी में भी बनें। पुणे की तरह पटना में भी औद्योगिक विकास हो। सूरत की तरह ही संथाल परगना का भी विकास हो। जयपुर की तरह जलपाईगुड़ी और जाजपुर में भी टूरिज्म के नए रिकॉर्ड बनें।

मर्डर का जश्न

## चंदन मिश्रा के हत्यारों की नई तस्वीर वायरल, बाइक पर पिस्टल लहराते आए नजर

पटना, (आरएनएस)। बिहार की राजधानी पटना स्थित पारस अस्पताल में उपचाराधीन कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस के हाथ कुछ तस्वीरें लगी हैं। अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज से कुछ तस्वीरें प्राप्त की गई हैं। तस्वीरों में अपराधी बाइक पर सवार होकर हाथ में बंदूक लहराते नजर आ रहे हैं। बाइक पर तीन लोग सवार हैं और उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है।

पुलिस के मुताबिक, यह तस्वीर शायद वारदात को अंजाम देने के बाद की है। पुलिस ने बताया कि अभी वो इस मामले की गहराई से जांच करने के लिए अन्य सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है, ताकि मामले के संबंध में अन्य जानकारी जुटाई जा सके।

इस घटना में संलिप्त मुख्य अपराधी की पहचान तौसीफ बादशाह के रूप में हुई है, जो फुलवारी शरीफ का रहने वाला है। वह पेशे से कॉन्ट्रैक्ट किलर है। इस घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए भी कई इलाकों में छापेमारी जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि तौसीफ ने अपनी पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया या किसी ने उसे ऐसा करने के लिए सुपारी दी थी। इसके अलावा, तौसीफ पर आर्म्स एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। ऐसी स्थिति में पुलिस यह भी पता लगा रही है कि क्या तौसीफ उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में शूटर की व्यवस्था करता था।

## एनडीए सरकार में बिहार का तेजी से विकास, पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया : CM नीतीश कुमार

मोतिहारी,(आरएनएस)। बिहार के मोतिहारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान भव्य रोड शो के बाद विशाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। पीएम मोदी के मंच पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। उन्हें एक सुंदर पेंटिंग और तिरंगा भेंट किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री (सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा) और एनडीए के वरिष्ठ नेता व अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी का बिहार दौरा राज्य के लिए गर्व का क्षण है। पीएम मोदी के नेतृत्व में बिहार को नई ऊर्जा और विकास की दिशा मिल रही है।

सीएम नीतीश ने कहा, पहले की सरकारों में काम धीमा था, लेकिन 2005 से जदयू की सरकार बनने के बाद बिहार में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। अब सड़क, बिजली और रोजगार जैसे सभी क्षेत्रों में काम हो रहा है। अब बिहार सरकार 125 यूनिट बिजली मुफ्त देगी।

उन्होंने कहा, पहले बिजली की बहुत कमी थी, लेकिन अब हर घर में बिजली है। हमने तय किया है कि गरीबों को मुफ्त बिजली और घर दिए जाएंगे। इसकी मंजूरी आज ही कैबिनेट में दी जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने अगले पांच साल में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का वादा किया।



बिहार के सीएम ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजना को 400 रुपये से बढ़ाकर 1,100 रुपये कर दिया गया है, जिससे 1 करोड़ 11 लाख लोगों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने सड़कों, पुलों और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर काम किया है। गांवों और टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है।उन्होंने बताया कि सरकार ने 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य पूरा कर लिया है और 10 लाख रोजगार के लक्ष्य को बढ़ाकर 29 लाख कर दिया गया है।नीतीश कुमार ने पुरानी सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले विकास के लिए कोई पैसा खर्च नहीं होता था, लेकिन अब केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार में बड़े पैमाने पर काम कर रही हैं। केंद्र सरकार और पीएम मोदी का आभार कि बिहार अब प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## कांग्रेस के विज्ञापन में गांधी परिवार का न होना, एक नए युग की शुरुआत : अजय आलोक

नई दिल्ली, (आरएनएस)। तेलंगाना सरकार की तरफ से जातिगत जनगणना के संबंध में एक विज्ञापन जारी किया गया। 'जितनी आबादी, उसका उतना हक' की बात है। खास बात ये है कि गांधी फैमिली के किसी भी शख्स की तस्वीर चस्पा नहीं है। विज्ञापन में न सोनिया गांधी हैं और न ही राहुल गांधी हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मुस्कुराती तस्वीर है। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने इसी पर तंज कसा है। उन्होंने इसे कांग्रेस के 'नए युग का संकेत' बताया है।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर विज्ञापन को टैग करते हुए लिखा, पहली बार किसी कांग्रेस सरकार के विज्ञापन वो भी जातीय जनगणना पे राजमाता और युवराज की तस्वीर गायब है। ये कांग्रेस के नए युग का संकेत ये ख्याल कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेगा।

तेलंगाना सरकार ने देश के प्रमुख अखबारों में शुक्रवार को एक विज्ञापन प्रकाशित करवाया। इस विज्ञापन में जाति जनगणना का जिक्र है। आंकड़ों के जरिए बराबरी का मुद्दा उठाया है। टैगलाइनहै- जाति जनगणना, समान अधिकारों की नींव। जितनी आबादी, उतना हक।

विज्ञापन में सरकार ने एक आंकड़े का जिक्र किया है। संकेत स्पष्ट है कि आरक्षण की सीमा 23 से बढ़ाकर 42 फीसदी की जाएगी।



रांची में एक सरकारी स्कूल की इमारत की छत का एक हिस्सा गिरने के बाद स्थानीय लोग जमा हो गए। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

## कोटा में देर रात से भारी बारिश : कॉलोनियां जलमग्न, अस्पताल की लिफ्ट भी पानी में डूबी, बैराज के गेट खुले, प्रशासन अलर्ट

कोटा (आरएनएस)। कोटा में शुक्रवार सुबह से रिमझिम बारिश का दौर जारी है, जिसके कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है. देर रात हुई बारिश ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया है, और कई कॉलोनियों में पानी भर गया है. रिमझिम बारिश के बीच बच्चों को स्कूल पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कोटा उत्तर के वार्ड 30 में नांता इलाके के पीपली चौराहा और श्रीराम कॉलोनी में देर रात हुई बारिश से पानी भर गया है. श्रीराम कॉलोनी में करीब 40-50 घरों की बस्ती है, जहां मकानों के बाहर 1-1 फीट तक पानी जमा हो गया है। स्थानीय



निवासियों ने बताया कि पास से गुजरने वाला नाला संकरा होने के कारण अक्सर बारिश में ओवरफ्लो हो जाता है, जिससे उसका पानी कॉलोनी में आ जाता है. यह समस्या पिछले एक सप्ताह से बनी हुई है।

अस्पताल में भी घुसा पानी

रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण एमबीएस हॉस्पिटल की नई ओपीडी बिल्डिंग की लिफ्ट में भी पानी भर गया, जिसके चलते लिफ्ट को बंद करना पड़ा. बाद में स्टाफ ने पंप लगाकर पानी निकालने का काम शुरू किया।

कोटा बैराज के गेट खोले गए

कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने से चंबल के बांधों में पानी की अच्छी आवक हो रही है. इसके चलते कोटा बैराज के दो गेट खोले गए हैं. सहायक अभियंता नितेश कुमार वर्मा ने बताया कि सुबह 7 बजे बैराज के 2 गेट 2-2 फीट खोलकर 5,002 क्यूसेक पानी छोड़ा गया. बाद में 9:45 बजे इन गेटों को 3-3 फीट और बढ़ाया गया।

## आईटीआई, डिप्लोमा या इंजीनियरिंग डिग्री योग्यता वाले युवा वर्क्स कॉन्ट्रैक्टर के रूप में कर सकेंगे काम : नायब सिंह सैनी


चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने आईटीआई, डिप्लोमा या इंजीनियरिंग डिग्री धारक बेरोजगार शिक्षित युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें वर्क्स कॉन्ट्रैक्टर के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाने हेतु एक नई योजना 'हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना' शुरू की है। निर्धारित प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, इन युवाओं को हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

**90-दिवसीय प्रशिक्षण के बाद युवाओं को एचईडब्ल्यूपी पर किया जाएगा सूचीबद्ध**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना इंजीनियरिंग योग्यता प्राप्त युवाओं को अपने क्षेत्र में करियर के नए अवसर प्रदान करेगी, जिससे उनके पेशेवर विकास को बढ़ावा मिलेगा और उद्यमशीलता के बेहतर रास्ते खुलेंगे। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने योजना के तहत पात्र एवं इच्छुक इंजीनियरिंग युवाओं के पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल https://stt.itiharyana.gov.in लॉन्च किया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल में निर्धारित 90-दिवसीय प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, युवा एचईडब्ल्यू पोर्टल पर सूचीबद्ध होने के लिए पात्र होंगे। एचईडब्ल्यूपी पर ठेकेदारों के लिए सुगम पंजीकरण व्यवस्था करें सुनिश्चितठेकेदारों की पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए, नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि बाधा मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) पर ठेकेदार पंजीकरण के लिए एक स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) परिभाषित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि एक बार अपेक्षित दस्तावेज ऑनलाइन जमा कर दिए जाने के बाद, ठेकेदारों को आगे की प्रक्रिया के लिए किसी भी सरकारी कार्यालय में जाने की आवश्यकता न हो।

## भोलेनाथ के भक्तों के लिए अच्छी खबर, अमरनाथ यात्रा फिर शुरू, जम्मू से रवाना हुआ 7,908 श्रद्धालुओं का एक और जत्था



श्रीनगर,(आरएनएस)। जम्मू से अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई है। खराब मौसम के कारण यात्रा को एक दिन के लिए रोका गया था। इसके अगले दिन शुक्रवार को जम्मू से 7,908 श्रद्धालुओं का एक नया जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में अब तक 2.52 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।अधिकारियों ने बताया, शुक्रवार को 7,908 यात्रियों का यह जत्था भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। 92 वाहनों का पहला सुरक्षा काफिला 2,879 यात्रियों को लेकर सुबह 3.30 बजे बालटाल कैंप के लिए रवाना हुआ, जबकि 169 वाहनों का दूसरा सुरक्षा काफिला 5,029 यात्रियों को लेकर सुबह 4.25 बजे नुनवान (पहलगाम) कैंप के लिए रवाना हुआ।इससे पहले, 10 जुलाई को पहलगाम में 'छड़ी मुबारक' (भगवान शिव की पवित्र गदा) का भूमि पूजन किया गया। छड़ी मुबारक के एकमात्र संरक्षक महंत स्वामी दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में संतों के एक समूह द्वारा छड़ी मुबारक को श्रीनगर स्थित दशनामी अखाड़ा भवन से पहलगाम लाया गया। पहलगाम में छड़ी मुबारक को गौरी शंकर मंदिर ले जाया गया, जहां भूमि पूजन हुआ। फिर छड़ी मुबारक को दशनामी अखाड़ा भवन स्थित अपने स्थान पर वापस ले जाया गया। यह 4 अगस्त को श्रीनगर स्थित दशनामी अखाड़ा मंदिर से गुफा मंदिर की ओर अपनी अंतिम यात्रा शुरू करेगी और 9 अगस्त को पवित्र गुफा मंदिर पहुंचेगी, जो यात्रा का आधिकारिक समापन होगा।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को जन्मदिन पर प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने दी बधाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार में रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनका जन्म 18 जुलाई 1970 को राजस्थान के जोधपुर में हुआ। अश्विनी वैष्णव के जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों, अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्रियों और भाजपा नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उनके योगदान की सराहना की है। सभी ने उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सतत सफलता की कामना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बधाई संदेश में लिखा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वह भारत को आईटी, नवाचार और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रशंसनीय प्रयास कर रहे हैं। ईश्वर उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन प्रदान करें।


## फ्लोरल ड्रेस में मोनालिसा ने सोशल मीडिया पर ढाया कहर, दिए किलर पोज




भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने हॉट और ग्लैमरस अवतार से सोशल मीडिया पर छा गई हैं. इस बार मोनालिसा ने फ्लोरल प्रिंटेड ड्रेस में अपनी नई तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है, जिसमें वह बेहद स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट नजर आ रही हैं. अपने इस पोस्ट में मोनालिसा ने लाल बिंदी, खुले बाल और मैचिंग इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कम्पलीट किया है. मोनालिसा की इस तस्वीर को फैंस ने खूब पसंद किया है और कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं. किसी ने उन्हें 'ब्यूटीफुल क्वीन' कहा तो किसी ने दिल और फायर इमोजी के साथ उनकी तारीफ की.मोनालिसा का बोल्ड और स्टाइलिश लुक उनके फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है. उनकी हर पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है और फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं. मोनालिसा का ये नया अवतार भी इस बात का सबूत है कि वह सिर्फ बेहतरीन एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि फैशन आइकन भी हैं.मोनालिसा का ये लेटेस्ट फोटोशूट यह भी दिखाता है कि उन्होंने अपने स्टाइल और फैशन सेंस को किस तरह लगातार निखारा है. चाहे ट्रेडिशनल आउटफिट हो या वेस्टर्न ड्रेस, मोनालिसा हर लुक में बेहद कॉन्फिडेंट और गॉर्जियस नजर आती हैं. उनके फैंस हमेशा उनकी नई तस्वीरों और वीडियोज़ का इंतजार करते हैं और हर बार उनकी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है. मोनालिसा की यही अदा उन्हें भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर और ग्लैमरस अदाकाराओं में शामिल कर देती है.

## फिल्म अल्कोहल से अल्लारी नरेश की फर्स्ट लुक आउट

तेलुगु सिनेमा के चर्चित बैनरों में से एक, सिथारा एंटरटेनमेंट्स, अपनी अगली धमाकेदार परियोजना अल्कोहल को प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें अल्लारी नरेश मुख्य भूमिका में हैं। अल्लारी नरेश के जन्मदिन के अवसर पर फ़िल्म का पहला लुक जारी किया गया है। मेहर तेज द्वारा निर्देशित और एस. नागा वामसी व साई सौजन्या द्वारा निर्मित, फॉर्च्यून फोर सिनेमाज़ के सहयोग से और श्रीकारा स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत इस फ़िल्म का निर्देशन श्रीकारा स्टूडियोज़ ने किया है।




फ़िल्म के पहले पोस्टर ने पहले ही काफ़ी चर्चा बटोर ली है, जिसमें अल्लारी नरेश का अल्कोहल में डूबा हुआ एक क्लोज़-अप दृश्य है, जो एक ऐसी कहानी की ओर इशारा करता है जो भ्रम और वास्तविकता के बीच की धुंधली रेखाओं को उजागर करती है। इस फ़िल्म में रूहानी शर्मा सहित प्रभावशाली कलाकार और एक प्रतिभाशाली क्रू शामिल है, जिसका संगीत घिबरन ने दिया है, छायांकन जीजू सनी ने किया है और संपादन निरंजन देवरामने ने किया है।मेहर तेज द्वारा लिखित और निर्देशित, अल्कोहल की कहानी एक मनोरंजक कहानी प्रतीत होती है जो मानवीय भावनाओं की जटिलताओं को उजागर करती है। विशाल अबानी द्वारा निर्मित और उद्धव रघुनंदन द्वारा सह-लिखित प्रोडक्शन डिज़ाइन, फ़िल्म की उत्सुकता को और बढ़ा देता है। ऐसा लगता है कि यह निर्माता सूर्यदेवरा नागा वामसी के पोर्टफोलियो में एक और रोमांचक फ़िल्म है।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 में दिखेंगे सन ऑफ सरदार 2 के सितारे, प्रोमो आउट

***कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीजन पहले दिन से ही दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। इस शो के नए एपिसोड का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं।***

अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है, जिसमें अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की स्टार कास्ट नजर आ रही है। आइए जानें आप यह एपिसोड कब और कहां देख पाएंगे।द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 के नए प्रोमो में अजय के अलावा मृणाल ठाकुर और रवि किशन की भी झलक दिख रही है। पूरी स्टार कास्ट कपिल के साथ मस्ती करती दिख रही है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 के इस एपिसोड को आप 19 जुलाई, 2025 को रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। सन ऑफ सरदार 2 की बात करें तो यह फिल्म 25 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।




## ट्विंकल अरोड़ा का सपना पंजाबी आ गए ओए से पूरा, बोलीं- हमेशा से एक्ट्रेस बनना चाहती थीं



टीवी एक्ट्रेस ट्विंकल अरोड़ा इन दिनों अपनी कॉमेडी फिल्म पंजाबी आ गए ओए को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने फिल्म में जुड़ने के अपने अनुभव और उत्साह को साझा किया। साथ ही बताया कि यह फिल्म उनके लिए इतनी खास क्यों है।

ट्विंकल अरोड़ा ने बताया कि जब उनके पास इस पंजाबी फिल्म का ऑफर आया, तो वह काफी खुश हुई। एक्ट्रेस ने कहा, जब मुझे पता चला कि मैं एक पंजाबी फिल्म करने जा रही हूं, तो मैं बहुत ज्यादा खुश और आभारी महसूस कर रही थी। मुझे लगता है कि ये मुझ पर भगवान की कृपा हो रही है और मैं इस पर काफी विश्वास करती हूं। मैंने अपना करियर पंजाबी इंडस्ट्री से शुरू किया था, इसलिए वहां एक लीड रोल में फिल्म करना मेरी ख्वाहिशों में हमेशा से शामिल रहा है। मैं हमेशा से फिल्म इंडस्ट्री में काम करना चाहती थी और अब वह सपना पूरा हो गया। इसलिए मैं सच में खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही हूं।उन्होंने आगे बताया कि जब उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट पहली बार सुनी, तो उनकी क्या प्रतिक्रिया थी। ट्विंकल ने कहा, जब मेरी पहली मीटिंग हुई और मैंने पंजाबी आ गए ओए की स्क्रिप्ट सुनी। मुझे एहसास हुआ कि ये एक ऐसी फिल्म है, जो पूरे परिवार के साथ देखी जा सकती है।

इसमें हर उम्र के लोगों के लिए कुछ न कुछ है, हंसी-मजाक, रोमांच और कुछ नया भी आजमाया गया है। मुझे ये सब बहुत अच्छा लगा और अब मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं।पिछले साल अक्टूबर में ट्विंकल ने अपनी फिल्म का ऐलान किया था। उन्होंने एक फोटो शेयर की थी, जिसमें वह क्लैपबोर्ड पकड़े खड़ी हुई नजर आ रही थीं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा था, पंजाबी आ गए ओए... मैं अपने फैन्स को एक नए प्रोजेक्ट से सरप्राइज देना चाहती हूं। बहुत जल्द ये तोहफा आपके नजदीकी सिनेमाघरों में पहुंचेगा। अपडेट्स के लिए जुड़े रहिए।इस फिल्म में ट्विंकल के साथ प्रिंस कंवलजीत सिंह और सिंग्गा भी नजर आएंगे। पंजाबी आ गए ओए दुनिया भर के सिनेमाघरों में 29 अगस्त को रिलीज होगी।

## बॉक्स ऑफिस पर मालिक की कमाई की रफ्तार धीमी, मेट्रो...इन दिनों की कमाई में भी गिरावट




राजकुमार राव की फिल्म मालिक को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरसती दिख रही है। यह फिल्म लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म का कारोबार लगातार घटता जा रहा है। आइए जानें मालिक ने छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, मालिक ने अपनी रिलीज के छठे दिन 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 19.70 करोड़ रुपये हो गया है। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म में राजकुमार की जोड़ी मानुषी छिल्लर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई दे रहे हैं। यह एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म है, जिसमें राजकुमार का खूंखार अवतार दिख रहा है।

मालिक के निर्देशन की कमान पुलकित ने संभाली है, जिन्हें डेढ़ बीघा जमीन, बोस- डेड/अलाइव और भक्त जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। राजकुमार और मानुषी के अलावा इस फिल्म में प्रोसेनजीत चटर्जी, हुमा कुरैशी और सौरभ शुक्ला जैसे सितारे भी नजर आ रहे हैं। बता दें, सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद मालिक ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी म्यूजिकल रोमांटिक-ड्रामा फिल्म मेट्रो...इन दिनों को 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से शानदार प्रतिक्रिया मिली। इसके बावजूद यह शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई कर रही है। फिल्म का कारोबार अब दिन-ब-दिन घटता जा रहा है अब मेट्रो... इन दिनों की कमाई के 13वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें गिरावट देखने को मिली है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेट्रो... इन दिनों ने रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 1.25 करोड़ रुपये जुटाए। इसी के साथ भारत में अब तक इस फिल्म ने 42.65 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इस फिल्म को बनाने में 40 करोड़ रुपये लगे थे। बॉक्स ऑफिस पर मेट्रो... इन दिनों का सामना राजकुमार राव की मालिक और विक्रांत मैसी की आंखों की गुस्ताखियां से हो रहा है। दोनों ही फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर हाल-बेहाल है।

## दिविता जुनेजा स्टारर हीर एक्सप्रेस का पहला गाना वे रांझणा रिलीज हुआ, 8 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी फिल्म

ओएमजी और 102 नॉट आउट जैसी सुपरहिट फिल्मों के निर्देशक उमेश शुक्ला एक बार फिर नए प्रोजेक्ट के साथ हाज़िर हैं। उनकी अगली फिल्मका नाम है हीर एक्सप्रेस, जो एक रोमांटिक और दिल छू लेने वाली कहानी पेश करने वाली है। यह फिल्म 8 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। फिल्म का पहला गाना 'वे रांझणा' अब रिलीज़ हो चुका है और इसे सुनते ही प्यार का एहसास हो जाता है।वे रांझणा गाने में प्यार, भावनाएं और खूबसूरत लोकेशंस देखने को मिलती हैं। इस गाने के ज़रिए दर्शकों को फिल्म की नायिका दीविता जुनेजा कीपहली झलक भी देखने को मिली है, जो इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। गाने का म्यूजिक रोमांटिक और सुकून देने वाला है, जो फिल्म कीलव स्टोरी का माहौल बना देता है।फिल्म में आशुतोष राणा, संजय मिश्रा, गुलशन ग्रोवर और प्रीत कमानी जैसे दमदार कलाकार भी नजर आएंगे। नए और अनुभवी कलाकारों का यहमेल हीर एक्सप्रेस को एक खास फिल्म बना देता है, जिसमें इमोशन, कॉमेडी और प्यार सब कुछ देखने को मिलेगा।

## मंडला मर्डर्स का ट्रेलर जारी, मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी सुलझाती हुई नजर आईं वाणी कपूर




सीरीज मंडला मर्डर्स का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। नेटफ्लिक्स और यशराज फिल्म्स की साझेदारी में बन रही यह सीरीज इसी महीने दर्शकों के बीच पहुंचेगी। इसमें चरणदासपुर के जंगलों में मौजूद एक प्राचीन यंत्र के रहस्यों के बारे में बताया गया है। सीरीज सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। इसमें सुरवीन चावला, वाणी कपूर, श्रिया पिलगांवकर जैसे सितारे हैं।

नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट शेयर किया है। ट्रेलर रिलीज की जानकारी देने के साथ लिखा है, कुछ रहस्य विज्ञान और विश्वास से परे हैं। मोल चुकाने का समय आ गया है। सीरीज की रिलीज डेट भी बताई गई है। मंडला मर्डर्स नेटफ्लिक्स पर 25 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

ट्रेलर में एक प्राचीन यंत्र के बारे में बताया गया है, जो चरणदासपुर के जंगलों में है। इसमें अपने अंगों की आहुति देने वालों को वरदान प्राप्त हुआ है। अगले दृश्य में वाणी कपूर की एंट्री होती है, जो सीरीज में इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर रिया थॉमस के रोल में नजर आएंगी। एक्टर वैभव दिल्ली पुलिस अधिकारी विक्रम सिंह का किरदार निभाते दिखेंगे। वे प्राचीन यंत्र और बेरहमी से की गई हत्याओं की गुत्थी सुलझाने निकलते हैं।

इस सीरीज में सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा पंचायत फेम प्रधानजी यानी एक्टर रघुबीर यादव भी इस सीरीज में दिखाई देंगे। मंडला मर्डर्स के जरिए वाणी कपूर ओटीटी सीरीज की दुनिया में डेब्यू कर रही हैं। इस सीरीज के निर्देशन की कमान गोपी पुरथन ने संभाली है। ट्रेलर सस्पेंस से भरा है और इसने सीरीज के प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है।

## रोजाना नींबू पानी पीते हैं? हो सकती हैं ये 5 समस्याएं



**नींबू पानी में विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और त्वचा को नमी देने के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि नींबू पानी कुछ लोगों के लिए हानिकारक भी हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी समस्याओं के बारे में बताते हैं, जो नींबू पानी पीने के बाद हो सकती हैं और फिर इसे पीने से बचना चाहिए।**

### दांतों का खराब होना

नींबू की तासीर काफी खट्टी होती है और इसमें मौजूद खट्टा एसिड दांतों की ऊपरी परत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके कारण दांत संवेदनशील हो सकते हैं और दांतों में दर्द और दांतों का खराब होना जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। अगर आपके दांत पहले से ही संवेदनशील हैं तो नींबू पानी पीने से बचें क्योंकि इससे दांतों में दर्द बढ़ सकता है।

### पेट में जलन और एसिडिटी की समस्या

अगर आपको पहले से ही पेट में जलन या एसिडिटी की समस्या है तो नींबू पानी का सेवन करने से इन समस्याओं के लक्षण बढ़ सकते हैं। एसिडिटी के कारण सीने में जलन और बेचैनी हो सकती है। अगर आपको सीने में जलन होती है तो इसका कारण नींबू पानी का सेवन हो सकता है। इसलिए इन समस्याओं से ग्रस्त लोग नींबू पानी का सेवन न करें।

### त्वचा की संवेदनशीलता बढ़ना

नींबू पानी में खट्टा एसिड और अन्य तत्व होते हैं, जो त्वचा को संवेदनशील बना सकते हैं। खासतौर से अगर आप नींबू पानी को अपने चेहरे पर लगाते हैं तो इससे त्वचा में जलन या रैशेज हो सकते हैं। इसके अलावा नींबू पानी के अधिक सेवन से त्वचा पर चकत्ते भी हो सकते हैं। इसलिए नींबू पानी का सेवन कम करें और नींबू पानी को चेहरे से दूर रखें।

### पेट में गैस बनना

नींबू पानी का सेवन पाचन क्रिया पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है और इससे पेट में गैस बन सकती है। दरअसल, नींबू पानी में खट्टा एसिड होता है, जो पाचन क्रिया में जलन पैदा कर सकता है। इसके कारण आपको पेट फूलना, पेट में दर्द, पेट में जलन और पेट में गैस बनने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए गैस की समस्या वाले लोग नींबू पानी का सेवन न करें।

### गर्भवती महिलाएं और बच्चे भी न पिएं नींबू पानी

गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए भी नींबू पानी का सेवन करना सुरक्षित नहीं माना जाता है। गर्भवती महिलाओं को नींबू के रस का सेवन करने से बचना चाहिए क्योंकि इससे गर्भाशय में संकुचन हो सकते हैं।

वहीं बच्चों की नाजुक त्वचा पर नींबू पानी से रैशेज हो सकते हैं। इसलिए इन दोनों को नींबू पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। ध्यान दें कि स्वास्थ्य के लिए सही खानपान का चयन जरूरी है।

## एक दिन में कितनी कैफीन का सेवन स्वास्थ्य के लिए है सही?



कैफीन एक प्राकृतिक उत्तेजक है, जो कॉफी, चाय, सोडा और ऊर्जा पेय में पाया जाता है। यह हमारे शरीर की ऊर्जा को बढ़ाने और थकान को दूर करने में मदद करता है। हालांकि, कैफीन का अधिक सेवन स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि एक दिन में कितनी कैफीन का सेवन स्वास्थ्य के लिए सही माना जाता है और इसके फायदे और नुकसान क्या हैं।

### कैफीन की मात्रा का महत्व

कैफीन की मात्रा का महत्व इसलिए है क्योंकि इससे हमारे शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव तय होते हैं। अगर हम सही मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो यह हमारी ऊर्जा बढ़ाने, थकान दूर करने और मानसिक सतर्कता बढ़ाने में मदद करता है, वहीं अगर हम ज्यादा मात्रा में कैफीन लेते हैं तो इससे नींद की कमी, सिरदर्द, दिल की धड़कन तेज होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए सही मात्रा में कैफीन लेना जरूरी है।

### एक दिन में कितनी कैफीन का सेवन सही ?

स्वास्थ्य संगठनों के अनुसार, एक वयस्क व्यक्ति के लिए दिनभर में 400 मिलीग्राम कैफीन का सेवन करना सुरक्षित माना जाता है। हालांकि, यह मात्रा व्यक्ति विशेष पर निर्भर करती है क्योंकि हर किसी का शरीर अलग होता है और उनकी कैफीन सहिष्णुता भी अलग होती है। इसके अतिरिक्त बच्चों को कैफीन देने से बचें।

### कैफीन के फायदे

कैफीन का सेवन ऊर्जा बढ़ाने, थकान दूर करने और मानसिक सतर्कता बढ़ाने में मदद करता है। यह हमारे मूड को भी बेहतर बनाता है और काम करने की क्षमता को बढ़ाता है। इसके अलावा कैफीन का सेवन वजन कम करने में भी सहायक हो सकता है क्योंकि यह शरीर की ऊर्जा खपत को तेज करता है। साथ ही यह खेलों में प्रदर्शन सुधारने वाले खिलाड़ियों के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

### कैफीन के नुकसान

ज्यादा मात्रा में कैफीन लेने से कई समस्याएं हो सकती हैं जैसे नींद की कमी, सिरदर्द, दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट आदि। इसके अलावा इससे पेट में जलन भी हो सकती है और आंतों पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए कैफीन का सेवन सही मात्रा में करना जरूरी है ताकि हम इसके फायदों का पूरा लाभ उठा सकें और किसी भी प्रकार की समस्या से बच सकें।

# अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित टीआरएफ को आतंकवादी संगठन किया घोषित, पहलगाम हमले के लिए माना जिम्मेदार

वाशिंगटन( आरएनएस) । अमेरिका ने 'द रेजिस्टेंस फ्रंट ' नाम के आतंकी संगठन को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। इस बात की जानकारी अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दी। TRF वही संगठन है जिसने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 26 पर्यटकों की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। यह



2008 में मुंबई हमलों के बाद लश्कर का भारत में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था। टीआरएफ पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का ही दूसरा नाम है। यह संगठन कश्मीर में आतंकी घटनाओं को अंजाम देता है। लश्कर-ए-तैयबा पहले से ही संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका द्वारा आतंकी संगठन घोषित किया जा चुका है।

अमेरिका ने TRF को आतंकी संगठन घोषित करते हुए कहा कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद से लड़ाई, और पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक कदम है। अब TRF के बैंक खाते जब्त किए जाएंगे, सदस्यों की अमेरिका में घुसने पर रोक लगेगी और उन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर रखी जाएगी।

22 अप्रैल को हुए हमले को अमेरिका ने भारत में 2008 के मुंबई हमलों के बाद का सबसे खतरनाक आतंकी हमला बताया है। हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके संवेदना जताई और हर संभव मदद का भरोसा दिया। मोदी ने कहा कि भारत इस हमले के पीछे मौजूद आतंकियों और उन्हें पनाह देने वालों को सज़ा जरूर देगा। इसके बाद, 7 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

# कनाडा में हड़कंप! खुद को 'अल्लाह का दूत' बताकर प्लेन किया हाईजैक, पीछे दौड़े एफ -15 फाइटर जेट





वैंकूवर(आरएनएस) । कनाडा के वैंकूवर में एक बेहद अजीबोगरीब घटना में, खुद को 'अल्लाह का दूत' और 'मसीहा' बताने वाले एक शख्स ने एक छोटा विमान हाईजैक कर लिया। उसका मकसद दुनिया को क्लाइमेट चेंज से बचाना था। घटना के बाद हड़कंप मच गया और नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड को F-15 लड़ाकू विमानों को हाईजैक हुए प्लेन के पीछे लगाना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई, जिसके बाद अधिकारियों और लोगों ने राहत की सांस ली।

रॉयल कनाडाई माउंटेड पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार को हुई जब 39 वर्षीय कनाडाई नागरिक शाहीर कासिम ने विक्टोरिया इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट प्रशिक्षक को धमकाकर सेसना विमान पर कब्जा कर लिया। इसके बाद वह लगभग 64 किलोमीटर की उड़ान भरकर वैंकूवर पहुंचा। पुलिस ने कासिम पर आतंकवाद से जुड़ी हाईजैकिंग का गंभीर आरोप लगाया है।जांचकर्ताओं के मुताबिक, कासिम ने वैचारिक प्रेरणा से यह कदम उठाया। उसने खुद को 'अल्लाह का दूत' बताते हुए दावा किया कि 'फरिश्ता जिब्राइल' ने उसे मानवता को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने का संदेश दिया है। कासिम सोशल मीडिया पर 'सैम काराना' के नाम से 'आर्कटिक न्यूज' ब्लॉग भी चलाता है, जिसमें वह आर्कटिक में हो रहे जलवायु परिवर्तन के खतरों को लेकर लिखता रहा है।आरोपी कासिम का प्रोफाइल भी हैरान करने वाला है। वह 2008 से 2010 तक एक छोटी एयरलाइन 'केडी एयर' में पायलट रह चुका है। उसके पूर्व मालिकों ने उसे अपने साथ काम करने वाले 'सबसे स्मार्ट और बेहतरीन पायलटों' में से एक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि कासिम यह मानता था कि दुनिया खत्म होने वाली है और वह एयरलाइन की नौकरी से बोर होकर मेडिकल स्कूल चला गया था।ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी ने इस घटना को 'अजीब' बताते हुए अधिकारियों के कौशल की प्रशंसा की, जिन्होंने बिना किसी बड़े नुकसान के इस संकट को टाल दिया।

# मैं नहीं बनाता महिलाओं की फोटो,' ट्रंप ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की दी धमकी

वाशिंगटन (आरएनएस) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' पर एक कथित अभद्र पत्र के बारे में प्रकाशित खबर को लेकर मुकदमा करने की धमकी दी है। दावा किया जा रहा है कि यह पत्र ट्रंप ने 2003 में जेफरी एपस्टीन को 50वें जन्मदिन पर लिखा था, जिसमें एक महिला का आपत्तिजनक फोटो था।

'वॉल स्ट्रीट जर्नल' का कहना है कि उसने पत्र की समीक्षा की है, लेकिन कोई फोटो नहीं छापा है। अमेरिकी राष्टपति ट्रंप ने 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की सफाई को लेकर सवाल उठाए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मेरे नाम से एपस्टीन को लिखा गया एक फेक लेटर छापा। ये मेरे शब्द नहीं हैं, न ही मैं ऐसे बोलता हूं, और मैं तस्वीरें भी नहीं बनाता। मैंने रूपर्ट मर्डोक को बताया था कि ये झूठी कहानी है, फिर भी उन्होंने इसे छाप दिया। अब मैं उनके और उनके अखबार पर केस करूंगा। ट्रंप और एपस्टीन को लेकर यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है, जब एपस्टीन के यौन शोषण मामले को लेकर ट्रंप प्रशासन के रवैये पर पहले से ही राजनीतिक तनाव चरम पर है।

अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को जेफरी एपस्टीन मामले को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर एक बयान जारी किया। उन्होंने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को निर्देश दिया कि वे इस मामले से संबंधित सभी प्रासंगिक ग्रैंड जूरी की गवाही को, अदालत की मंजूरी के अधीन, सार्वजनिक करें

# रूस-यूक्रेन वार के बीच जेलेंस्की का बड़ा फैसला, यूलिया स्विरीडेंकी को बनाया पीएम

कीव,( आरएनएस) । यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने देश की सरकार में बड़ा फेरबदल किया है। उन्होंने मौजूदा प्रधानमंत्री डेनिस शिमहाल को हटाकर यूलिया स्विरीडेंकी को नया प्रधानमंत्री नियुक्त करने का प्रस्ताव दिया है।

जेलेंस्की द्वारा सरकार में फेरबदल ऐसे समय में किया गया है, जब रूस के साथ यूक्रेन का युद्ध चौथे साल में पहुंच गया है। यूलिया स्विरीडेंकी को देश की नई प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव संसद में रखा गया है। इससे पहले पीएम शिमहाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। शिमहाल को अब रक्षा मंत्री पद की जिम्मेदारी दी जा रही है। वह यूक्रेन के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्हें 4 मार्च 2020 को नियुक्त किया गया था।

बता दें, यूलिया स्विरीडेंकी ने अमेरिका और यूक्रेन के बीच खनिज समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और पश्चिमी देशों के साथ कई उच्च स्तरीय बैठकों में देश का प्रतिनिधित्व किया है। हाल ही में जेलेंस्की ने यूलिया और डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन मंत्री मिखाइलो फेडोरोव के साथ एक फोटो शेयर करते हुए बताया था कि आने वाले छह महीनों में सरकार का मुख्य फोकस स्वदेशी हथियारों का उत्पादन बढ़ाने और सभी प्रकार के ड्रोन की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर होगा। प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद शिमहाल को रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। यह मंत्रालय युद्धकाल में सबसे अहम माने जाने वाले विभागों में से एक है और इसका बजट भी काफी ज्यादा है।

# धरती पर स्पेस से छलांग लगाने वाले स्काईडाइवर की हुई मौत, बनाया था खास रिकॉर्ड,

इटली( आरएनएस) । धरती पर स्पेस से छलांग लगाने वाले ऑस्ट्रिया के स्काईडाइवर फेलिक्स बॉमगार्टनर की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार इटली में एक पैराग्लाइडिंग दुर्घटना में उनका निधन हो गया।रिपोर्ट में सामने





आया कि बीमार होने के कारण बॉमगार्टनर ने अपने पैराग्लाइडर पर नियंत्रण खो दिया था। वह इटली के मध्य मार्चे क्षेत्र में पोर्टो सैंट एल्पिडियो के ऊपर उड़ान भरते समय यह हादसा हुआ। वह अपने मोटराइज्ड पैराग्लाइडर से नियंत्रण खो बैठे और एक होटल के स्विमिंग पूल के पास जमीन पर जा गिरे। जिस वजह से उनकी मृत्यू हो गई। स्विमिंग पूल में गिरने से एक महिला भी घायल हो गई है।बता दें कि बाउमगार्टनर ने साल 2012 में स्पेस से गुब्बारे से पृथ्वी पर छलांग लगाई, जिसमें उन्होंने ध्वनि की गति को मात दी थी।

# पहले गाजा में चर्च पर बमबारी की जिसमें हुई 3 की मौत, फिर नेतन्याहू बोले- गोला भटक गया



तेलअवीव,(ए)। इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में एक कैथोलिक चर्च होली फैमिली पर जमकर बमबारी की। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और करीब एक दर्जन घायल हो गए। चर्च के पादरी गैब्रिएल रोमनल्ली भी शामिल हैं। चर्च परिसर में सैकड़ों फिलिस्तीनी शरण लिए हुए थे जिनमें बच्चे और दिव्यांग लोग भी शामिल थे। इजरायल ने इस हमले को दुर्घटना बताते हुए खेद व्यक्त किया और कहा कि वह इसकी जांच कर रहा है। हमले में चर्च की इमारत को भी काफी नुकसान पहुंचा जहां कई बुजुर्ग और मासूम लोग मौजूद थे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को लेकर खेद जताया है। नेतन्याहू ने अपने बयान में कहा, इजरायल को इस बात का गहरा दुख है कि एक भटका हुआ गोला गाजा के होली फैमिली चर्च से टकराया। हर एक निर्दोष व्यक्ति की जान का नुकसान एक त्रासदी है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मरने वालों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। चर्च परिसर में शरण लिए हुए लोगों में ईसाई और मुस्लिम दोनों शामिल थे। ग्रीक ऑर्थोडॉक्स पैट्रिआर्केट ऑफ जेरूसलम ने इस हमले को मानव गरिमा पर हमला बताया और धार्मिक स्थलों की पवित्रता का उल्लंघन माना है। इस बीच, इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत जारी है लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। पोप लियो ने इस हमले की कड़ी निंदा की और तत्काल युद्धविराम की अपील की है। उन्होंने पीड़ितों के लिए शोक संदेश में कहा कि वह शांति और सुलह की आशा करते हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से इस हमले पर नाराजगी जताई। इजरायल का कहना है कि यह भूलवश हुआ हमला था और वह नागरिकों व धार्मिक स्थलों को निशाना नहीं बनाता। हालांकि, गाजा में स्कूलों, अस्पतालों और शरणस्थलियों पर बार-बार हो रहे हमलों के कारण फिलिस्तीनी नागरिकों का कहना है कि कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है।

## खेल समाचार

# गंभीर सहित सहयोगी स्टाफ ने जडेजा को सबसे मूल्यवान खिलाड़ी बताया

लंदन (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित सहयोगी स्टाफ ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की जमकर प्रशंस करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को असाधारण बताया है। गंभीर ने कहा कि जडेजा जैसा खिलाड़ी मिलना कठिन है। गंभीर ने जडेजा को टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) करार दिया। जडेजा ने इस सीरीज में शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है। तीसरे टेस्ट में उन्होंने अंतिम दिन 181 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाये थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अब एक वीडियो जारी किया है। इसमें कोच जडेजा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। गंभीर ने इस वीडियो में कहा, ' जडेजा की पारी अविश्वसनीय थी।' भारतीय टीम इस





मैच में 193 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पायी। टीम के शीर्ष बल्लेबाज जब पेवेलिन लौट रहे थे। तब जडेजा ने एक छोर संभाले रखा। वहीं इसी वीडियो में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा, 'जडेजा की बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने जो संयम दिखाया वह वास्तव में प्रशंसनीय है। मैं उन्हें कई साल से खेलते हुए हुए देख रहा हूं। मैंने देखा है कि उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाया है। वह वे एक शानदार बल्लेबाज़ लगते हैं जो आक्रामक साथ ही रक्षात्मक खेल में भी कुशल हैं।' वहीं बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने कहा, 'मुझे हमेशा लगता था कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता है। वह आमतौर पर तब अधिक अच्छी बल्लेबाज करते हैं जब टीम को चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में जरूरत होती है। वह टीम के लिए वाकई बहुत मूल्यवान हैं।'

# भारत बनाम इंग्लैंडः ऋषभ पंत मैनचेस्टर में रचेंगे इतिहास, इंग्लैंड के खिलाफ तोड़ेंगे ये बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली, ( आरएनएस) । भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाने वाला है. लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल हो गए थे. भारतीय उप्कतान को बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में जसप्रीत बुमराह की गेंद को पकड़ते समय चोट लगी थी।

इसके बाद पंत ने पूरे मैच में विकेटकीपिंग नहीं की थी लेकिन वो मैदान पर दोनों पारियों में बल्लेबाजी करने के लिए आए. अब उनके चौथे टेस्ट में खेलने पर सस्पेंस बना हुआ है. हालांकि टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा था कि वो चौथे टेस्ट तक फिट हो जाएंगे।

अब इस पर सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने असमंजस भरा बनाया दिया है. लेकिन अगर पंत चौथे टेस्ट में में खेलते हैं तो वो भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ते हुए उनका एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़कर खास उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं।

# टीम इंडिया को लगा बड़ा झटका, स्टार गेंदबाज चौथे टेस्ट से पहले हुआ चोटिल

नई दिल्ली(ए)। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज का चौथा टेस्ट मैच में भारतीय टीम 23-27 जुलाई तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलने वाली है. इस मैच के लिए टीम लंदन से मैनचेस्टर पहुंच गई है।

इसी बीच टीम इंडिया के क्रिकेट फैंस के लिए एक एक दुखद खबर सामने आ रही है. इस खबर को जानकर उन क्रिकेट फैंस को बड़ा झटका लग सकता है जो चौथे टेस्ट मैच में इंडिया के जीतने की उम्मीद कर रहे हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो भारत का एक और स्टार खिलाड़ी चोटिल हो गया है।

ये खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि बाएं हाथ के भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह है. वो अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए हैं. उन्हें चौथे टेस्ट में प्लेइंग-11 में मौका मिलने के चांस थे क्योंकि लॉर्ड्स टेस्ट में आकाशदीप को चोट लगी थी. वो लंगड़ाते हुए देखे गए थे. यहां तक की उन्होंने बीच मैच में मैदान छोड़ दिया था।

ऐसे में आकाशदीप की जगह पर प्लेइंग-11 में अर्शदीप सिंह को मौका मिलने की उम्मीद थी. इसके साथ ही अगर चौथे टेस्ट में टीम इंडिया जसप्रीत बुमराह को वर्कलोड के चलते आराम देना चाहती तो ऐसी स्थिति में भी अर्शदीप सिंह को डेब्यू करने का मौका मिल सकता था. क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा पहले दो मैचों में टीम के लिए काफी महंगे साबित हुए थे. लेकिन अब अर्शदीप की चोट ने उनके फैंस की चिंता बढ़ा दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, मैनचेस्टर में फील्डिंग का अभ्यास करते समय अर्शदीप सिंह को चोट लगी है. उनके बाएं हाथ में चोट लगी है और उन्हें कट लगा है, जिससे खून भी निकाला. इसके बाद उन्होंने वहां पर बैंडेज लगाई. जिस हाथ से वो बॉलिंग करते हैं उनके उसी हाथ में गेंद लगी है. अभी तक उनकी चोट पर कोई अपडेट नहीं आया है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है।

आपको बता दें कि भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी लॉर्ड्स टेस्ट में चोटिल हो गए थे. उनकी जगह पर ध्रुव जुरेल में पूरे मैच में कीपिंग की थी. लेकिन कप्तान शुभमन गिल ने उपकप्तान पंत के 23 जुलाई तक फिट होने की उम्मीद जताई है. अब अर्शदीप की चोट ने भी टीम इंडिया की चिंता बढ़ा दी है।

# कुलदीप को मैनचेस्टर टेस्ट में खेलते देखना चाहते हैं कपिल

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि मैनचेस्टर में 23 जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट मैच में चाइननामैन स्पिनर कुलदीप यादव बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे में वह कुलदीप को इस मैच में खेलते हुए देखना चाहते हैं। कपिल ने स्वयं कुलदीप को फोन कर ये बात कही है। पांच मैचों की इस सीरीज में अभी भारतीय टीम 1-2 से पीछे है, ऐसे में उसके लिए चौथा टेस्ट बेहद अहम है। भारतीय टीम को लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में केवल 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा। तीनों मैच के दौरान कुलदीप को जगह नहीं मिलने से सभी हैरान हैं क्योंकि टीम में शामिल स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा इन मैचों में प्रभावित नहीं कर पाये, केवल बल्लेबाजी के आधार पर इन्हें जगह मिली। ऐसे में कपिल का ये कहना कि मैनचेस्ट टेस्ट में कुलदीप बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, ये बात ध्यान में रखनी चाहिये।



अब तक सुंदर ने तीसरे मैच की दूसरी पारी में 4 विकेट लिए किया। वहीं जडेजा ने 6 पारियों में तीन विकेट लिए हैं। हालांकि बल्लेबाजी में जडेजा काफी सफल रहे हैं। कुलदीप को टीम में जगह नहीं मिलने पर कपिल ने कहा कहा, टीम अच्छा खेल रही है इसलिए भी शायद उन्हें अवसर नहीं मिला। तीसरे टेस्ट में लगा कि वह खेलेंगे पर लेकिन तेज गेंदबाजों ने अच्छा काम किया। उन्होंने साथ ही कहा, इस समय कुलदीप अच्छे फॉर्म में है। ऐसे में उसे जगह नहीं देना नुकसानदेह रहेगा। पिछले कुछ मैचों में गेंदबाज नहीं, बल्कि बल्लेबाज विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, आप कुलदीप या जसप्रीत बुमराह से ये उम्मीद नहीं कर सकते कि वह काफी रन बना लेंगे। मैंने हाल ही में कुलदीप से बात की और उसे फिट रहने और अवसर मिलने पर अच्छा प्रदर्शन करने को कहा। हम सभी उसे जगह मिलने की उम्मीद कर सकते हैं हालांकि अंतिम फैसला कोच और कप्तान को करना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कुलदीप वर्तमान समय में देश के सबसे अच्छे और अनुभवी स्पिनर हैं। उन्होंने साथ ही कहा, उसका मनोबल ऊंचा है पर अंदर ही अंदर वह यह भी सोच रहा होगा कि उसे कब अवसर मिलेगा। वह भी तो इंसान ही है। मैनचेस्टर में अवसर मिलन पर वह बड़ी भूमिका निभा सकता है।

# अमेरिकी ओपन 2025 में कई दिग्गज खिलाड़ी उतरेंगे मैदान में

न्यूयार्क (ए.)। अमेरिकी ओपन 2025 के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और इस प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में कई नामी सितारे अपनी किस्मत आजमाने को तैयार हैं। गत चैंपियन यानिक सिनर और दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व विजेताओं में शामिल हैं जो इस बार भी खिताब के लिए जोर लगाएंगे। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए आधिकारिक प्रवेश सूची जारी की है जिसमें कुल 18 पूर्व ग्रैंडस्लैम एकल चैंपियन खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं।

इस सूची में खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश 14 जुलाई तक की विश्व रैंकिंग के आधार पर दिया गया है। पुरुष खिलाड़ियों के लिए कटऑफ 101वीं रैंकिंग रही जबकि महिला वर्ग में यह सीमा 99वीं रैंकिंग पर थी। इसका मतलब है कि इस साल भी कोर्ट पर दुनिया के कई बड़े सितारे और अनुभवी नाम एक बार फिर अपनी दावेदारी पेश करेंगे और दर्शकों को कड़ी टक्कर वाले मुकाबले देखने को मिलेंगे।

विश्व के नंबर वन पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर इस समय शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने हाल ही में विंबलडन फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को हराकर अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीता और अब वह अमेरिकी ओपन में भी उसी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। दूसरी ओर, महिला वर्ग की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका विंबलडन में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, हालांकि वहां उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

अनिसिमोवा इस समय विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं और अमेरिकी ओपन में शीर्ष आठ खिलाड़ियों में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं, जो घरेलू दर्शकों के सामने खिताब जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। अमेरिका की तरफ से इस बार सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश मिला है, जिनमें 16 महिला और 14 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। इससे साफ है कि घरेलू दर्शकों को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का शानदार खेल देखने का भरपूर मौका मिलेगा और टूर्नामेंट में जबरदस्त रोमांच की उम्मीद की जा रही है।

# भारतीय ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को मिली बड़ी जिम्मेदारी, आंध्र प्रीमियर लीग टीम के बने कप्तान

नई दिल्ली,(ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को बड़ी सफलता हाथ लगी है. उन्होंने टीम इंडिया के लिए पहले टी20 और फिर टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है. वो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भी उम्दा प्रदर्शन कर चुके हैं. अब उन्हें इसका इनाम मिला है।

नीतीश कुमार रेड्डी को आंध्र प्रीमियर लीग 2025 के लिए भीमावरम बुल्स ने अपना कप्तान नियुक्त किया है. नीतीश को सिर्फ 22 साल की उम्र में आंध्र प्रीमियर लीग में कप्तानी करने का जिम्मा मिला है. इसके साथ ही वो आंध्र प्रीमियर लीग में कप्तानी करने वाले सबसे कम उम्र के दूसरे कप्तान बन गए हैं. इस लीग में सबसे कम उम्र में कप्तानी करने की लिस्ट में सबसे ऊपर शेख रशीद का नाम शामिल है. वो 19 साल की उम्र कप्तान नियुक्त किए गए थे. वो चेन्नई सुपर किंग्स का भी हिस्सा रह चुके हैं।

आंध्र प्रीमियर लीग 2025 में कुल 7 टीम हिस्सा लेने वाली हैं. इसमें अमरावती रॉयल्स, भीमावरम बुल्स, काकीनाडा किंग्स, रॉयल्स ऑफ रायलसीमा, वाइजैक लायंस, तुंगभद्रा वॉरियर्स और विजयवाड़ा सनशाइनर्स शामिल हैं. इस टूर्नामेंट की शुरुआत 8 अगस्त, 2025 को होगी. ये पूरा टूर्नामेंट लगभग 2 सप्ताह तक खेला जाएगा. इसका फाइनल 24 अगस्त, 2025 को होगा. इसके साथ ही टूर्नामेंट का समापन हो जाएगा।

राउंड रॉबिन फॉर्मेट में होने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 19 मैच होंगे. ये सभी मैच विशाखापट्टनम के डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे. इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2022 में हुई थी. 2023 और 2024 को मिलाकर इसके तीन संस्करण हो चुके हैं. अब तक कोस्टल राइडर्स, रायलसीमा किंग्स और वाइजैग वॉरियर्स ने ही खिताब अपने नाम किया है।

# मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से परेशान होकर ओन्स जाबेउर ने लिया टेनिस से ब्रेक

नई दिल्ली, (ए)। खिलाड़ी मैच के दौरान अक्सर काफी दवाब में खेलते हैं. इसके साथ ही वो अपने निजी जीवन में चल रही कई तरह की परेशानियों का सामना भी करते हैं. लेकिन जब वो अपने फैंस के सामने आते हैं तो उनके चेहरे पर हंसी और खुशी ही नजर आती है. क्योंकि उनसे हजारों-करोड़ों फैंस प्रेरणा लेते हैं. ऐसे में एक एथलीट अपने दुख और परेशानियों को फैंस के सामने नहीं रखता है. अगर वो अपने फैंस के सामने कमजोर पड़ जाएंगे तो उनसे प्रेरणा लेने वाले फैंस भी टूट जाएंगे. इस स्थिति में एक खिलाड़ी अपने आप को हर हालात में मजबूत दर्शाता है फिर चाहें उसके निजी जीवन में कितनी भी दिक्कते क्यों न हों, लेकिन एक दिन उसके भी सब्र का बांध टूट जाता है।

# 14 साल का वैभव सूर्यवंशी बना ग्लोबल क्रिकेट सनसनी

नई दिल्ली (ए)। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आईपीएल 2025 के दौरान धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक नई सनसनी बनकर उभरे हैं। बिहार के समस्तीपुर से ताल्लुक रखने वाले इस युवा खिलाड़ी ने न सिर्फ भारत बल्कि इंग्लैंड में भी अपने खेल से ऐसा प्रभाव छोड़ा है कि लोग उसे अगला सचिन तेंदुलकर या विराट कोहली मानने लगे हैं। फिलहाल इंग्लैंड में चल रही इंडिया अंडर-19 बनाम इंग्लैंड अंडर-19 की यूथ वनडे सीरीज में वैभव सूर्यवंशी ने 3-1 से सीरीज जीत में निर्णायक



भूमिका निभाई। खासतौर पर एक मुकाबले में उन्होंने 31 गेंदों में 86 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 9 छक्के शामिल थे। बारिश के कारण यह मैच 40 ओवर का किया गया था, लेकिन वैभव की बल्लेबाजी ने दर्शकों को पूरी तरह रोमांचित कर दिया। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के विश्लेषक पीकॉक ने बताया कि जब उन्होंने वैभव को पहली बार नॉर्थम्पटनशर में देखा, तो माहौल किसी सुपरस्टार के मैच जैसा था। उन्होंने कहा कि वैभव की पारी देखने के लिए कई मीडिया तथा प्रशंसक मौजूद थे।

# संसदीय समिति ने विभिन्न विद्यालयों के साथ लद्दाख विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

## लद्दाख विश्वविद्यालय एक ज्ञान केंद्र के रूप में कर रहा कार्य : सांसद दर्शन सिंह चौधरी




नर्मदापुरम । भोपाल (निप्र)। संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल मामलों की 16 सदस्यीय स्थायी समिति ने अध्ययन दौरे के दौरान शुक्रवार को लेह, लद्दाख स्थित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव (HIAL) का निरीक्षण किया। अध्ययन दौरे में सम्मिलित सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि लेह, लद्दाख के ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल में प्रधानाचार्य और छात्रों ने पारंपरिक खटकों और स्वागत गीत के साथ शिक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति का स्वागत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य मिंग्युर अंग्मो ने स्कूल और ड्रुकपा वंश के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। जिसके पश्चात संसदीय स्थायी समिति तारू थांग स्थित लद्दाख विश्वविद्यालय का दौरा किया। जहां लद्दाख विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर साकेत कुशवाहा ने संसदीय स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, चुनौतियों और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी। श्री चौधरी ने बताया कि लद्दाख विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान ही नहीं, बल्कि परिवर्तन का एक गतिशील माध्यम है। हमारी प्रतिबद्धता एक ऐसा शैक्षिक परिवेश निर्मित करने की है जो लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं का सच्चा प्रतिनिधित्व करे इस क्षेत्र के समृद्ध स्वदेशी ज्ञान, पर्यावरणीय स्थिरता, नवाचार और रोजगार-केन्द्रित शिक्षा को एकीकृत करते हुए।

लद्दाख सतत जीवन, पारंपरिक चिकित्सा, कृषि और स्थानीय शासन के क्षेत्र में सदियों पुराने ज्ञान का केंद्र रहा है। हालांकि, आधुनिक शिक्षा प्रणाली अक्सर इन आवश्यक शिक्षाओं को समाहित करने में विफल रहती है, जिससे शैक्षणिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग के बीच एक खाई बन जाती है। इसके कारण हमारे युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर सीमित हो गए हैं, जिससे कई युवाओं को नौकरी की तलाश में पलायन करना पड़ रहा है। लद्दाख विश्वविद्यालय स्वदेशी ज्ञान को मुख्यधारा की शिक्षा में शामिल करके इस अंतर को पाटने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है और साथ ही छात्रों को 21वीं सदी के कौशल से लैस है। जो उद्यमशीलता की सोच, समस्या-समाधान और आधुनिक तकनीक को लद्दाख की पारंपरिक शक्तियों के साथ एकीकृत करके एक आत्मनिर्भर और नवाचार-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है। इसके साथ ही लद्दाख के भूभाग के लिए उपयुक्त उच्च-ऊंचाई वाली खेती, जैविक उत्पादन और आधुनिक सिंचाई तकनीकों पर अनुसंधान को बढ़ावा देते हुए लद्दाख विश्वविद्यालय एक ज्ञान केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है।

### जनपद पंचायत बनखेड़ी में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौजान सिंह रावत द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत बनखेड़ी में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, एक बगिया मां के नाम, स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं व अभियान की समीक्षा की गई एवं योजनाओं मे प्रगति के निर्देश दिए गये मनरेगा योजना अंतर्गत खेत तालाब कूप रिचार्ज कार्य जो जलगंगा अभियान मे लिए गये थे की पूर्णता के निर्देश दिए गये। एक बगिया मां के नाम अंतर्गत हितग्राही चयन की समीक्षा की गई सीईओ जिला पंचायत द्वारा सभी को प्रधानमंत्री आवास पूर्णता के निर्देश दिए गये सवच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। बैठक मे कररोपण, नलकर जलकर संपत्ति कर की वसूली की समीक्षा की गई बैठक मे जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी शैलेश ऊइके, अभिषेक तिवारी, प्रीति बरकाड़े, जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक यंत्री उपयंत्री, पंचायतो के सचिव, उपयंत्री उपस्थित रहे।


## सात कैडेट्स थल सेना कैंप में भोपाल का प्रतिनिधित्व करेंगे



नर्मदापुरम(निप्र)। 13 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी के निर्देशन में भोपाल में 10 जुलाई से आयोजित थल सेना कैंप प्रशिक्षण में समेरिटंस विद्यालय के चार कैडेट्स शामिल होंगे। ज्ञात रहे कि नर्मदापुरम के 10 केडिट्स इस शिविर में शामिल होंगे। कैडेट्स को हर तरह की सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह शिवि ग्वालियर में 18 जुलाई से 28 जुलाई 25 तक लगेगा। थल सेना शिविर में समेरिटंस के होनहार एनसीसी कैडेट्स निहाल अहिरवार, केशव श्रीवास्तव, युवराज यादव, वत्सल पांडे शामिल होंगे। ये सभी कैडेट्स हवलदार अनिल कुमार के साथ शुक्रवार को रवाना हुए संस्था निर्देशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने बताया कि ये कैडेट्स की कड़ी मेहनतका परिणाम है। सेकेंड अफसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें 13 एमपी बटालियन के नायब सूबेदार रामवतार सिंह एवं साथी पी आई स्टाफ का काफी योगदान है।पिछले वर्षों की तरह फिर संस्था का नाम एनसीसी केडिट्स द्वारा ऊंचा करने पर एवं उनकी उपलब्धि पर संस्था के एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, एनसीसी अधिकारी स्नेहा उपाध्याय, उप प्राचार्य आर के रघुवंशी ने खुशी जाहिर कर शुभकामनाएं दी।

### महामंडलेश्वर स्वामी माधवानंद गिरि महाराज की चतुर्थ निर्वाण महोत्सव सम्पन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। सदगुरु देव,माधव संन्यास आश्रम संस्थापक ब्रह्मलीन काशी कैलाश पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्स्वामी माधवानन्द गिरि महाराज की चतुर्थ निर्वाण महोत्सव साधु ,संत,पुजारी,भक्तगणों की उपस्थिति मे सम्पन्न। माधव संन्यास आश्रम मे प्रातः स्वामी माधवानन्द जी का पूजन,



अभिषेक आचार्य पं. धनश्याम शर्मा के आर्चात्यव में स्वामी शंकरानन्द गिरि ,स्वामी आत्मानंद,मनोज चौकसे,हंस राय ने किया। गुरु चरणों मे भजनांजली उदित नारायण तिवारी, आदित्य नारायण तिवारी, दामिनी पठारिया,ऋतु कुलश्रेष्ठ, आनंद नामदेव ने की तथा श्रध्दांजली सभा हुई। इस दौरान स्थान धारी साधु,संत ,पुजारी मंडल नर्मदापुरम के अध्यक्ष चन्द्र मोहन दास,हरिकिशन दास, नर्मदा मुनि,पवनसुत दास,शिवानंद गिरि,राधा मुनि, सुमेरी मुनि, नर्मदा दास,बालक दास महाराज,रामभजन दास, कपिलमुनि ,मुरारी दास,हरिदास की उपस्थिति रहें।इस अवसर पर गुरु भक्तों मे एल.एल.दुबे, शशांक गौर,अम्बा प्रसाद कुशवाहा, हंस राय,केप्टिन करैया,समीर वाजपेयी, डाँ. दीपक सिंह चौहान एच.के. सोनी मल्लू भारव्दाज,सहित अनेक गुरु भक्तो उपस्थित थे।

### आयुध निर्माणी इटारसी द्वारा सीएचसी सुखतवा को 4 लाख 36 रुपए की सामग्री भेंट की गई

नर्मदापुरम (निप्र)। नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व प्रोजेक्ट वर्ष 2023-24 के अंतर्गत शुक्रवार को मुख्य महाप्रबंधक, आयुध निर्माणी इटारसी द्वारा नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व कोष से शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुखतवा को 4 लाख 36 रूपए की सामग्री दान की गई। दान सामग्री में शमिल है वैक्यूम क्लीनर 02, प्लास्टिक चेयर 36,फ्लाइंग केचर मशीन 3, डिजिटल वेइंग स्केल 6, रूम थर्मामीटर,इलेक्ट्रिकली ऑपरेटिंग फ्लोर क्लीनर स्क्रबर,लेड टीवी 40 इंच, ग्लूकोमीटर, इनवर्टर विथ बैटरी, डिजिटल ब्लड प्रेशर मशीन, इस प्रकार कुल 73 नग सुखतवा सीबीएमओ डॉ आर एस मीना को आलोक कुमार अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर, प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक, गिरीश पाल, उप महाप्रबंधक एवं नोडल अधिकारी, संजीव कुमार झा, कनिष्ठ कार्य प्रबंधक एवं एग्जीक्यूटिव ऑफिसर नीरज सिंह चौहान, कनिष्ठ कार्य प्रबंधक एवं एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, पी हेड़ाऊ विभागीय अधिकारी एवं, कमलेश कुमार, कार्यवेक्षक, स्टॉफ से डॉ आसिया सिद्दिकी, डॉ सतीश रघुवंशी, गजराज सिंह चौहान बीईई, मुकेश व्यास सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गौ माता के निधन होने पर उसका अंतिम संस्कार होना चाहिए : अरुण दीक्षित

नर्मदापुरम (निप्र)। गौ माता जिसके मल से भोजन पकाया जाता है जिसके मल से घर आंगन की लिपाई की जाती है जिसके दूध से अभिषेक पूजन किया जाता है जिसके मल से खाद बनाकर फसल को उपजाऊ बनाया जाता है उसकी मृत्यु के उपरांत उसे फेंक दिया जाता है अगर हिंदू संस्कृति एवं संस्कार को जीवित रखना है तो सरकार को निर्णय लेकर गौ माता की मृत्यु उपरांतअंतिम संस्कार की व्यवस्था के लिए पहल करना चाहिए द्यउक्त उद्गार व्यक्त करते हुए सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने कहा कि चील ,कौवे, कुत्ते गौ मास को लोचते हुए उसका भषण करते हैं रहते हैं और गौ माता को पूजनीय मानने वाले बाजू से निकल जाते है देशवासियों के लिए एक विचारणीय प्रश्न होना चाहिए कि गौ माता का करोड़ों रुपए का मांस निर्यात किया जाता है



एवं हम और आप सरकार के निर्णय की ओर मुखातिब रहते हैं। सरकार को चाहिए कि दिए गए सुझाव पर शीघ्र निर्णय लिया जाए अगर सरकार इस निर्णय को उचित नहीं समझती तो सामाजिक संगठनों को आगे आकर पहल करना चाहिए।

## सिद्धेश्वर शिवमंदिर की महिलाओं ने मनाया हरियाली सावन महोत्सव



नर्मदापुरम(निप्र)। गिन्नी कंपाउंड कॉलोनी स्थित सिद्धेश्वर शिवमंदिर में महिलाओं ने हरियाली सावन महोत्सव मनाया और शिव जी के भजन गाए। ये जानकारी डॉ.मयंक तोमर द्वारा दी गई।

# पचमढ़ी में धार्मिक आस्था का संगम प्रसिद्ध नागद्वारी मेला आज से होगा प्रारंभ

### कलेक्टर ने की नागद्वारी मेले की तैयारियों की समीक्षा



नर्मदापुरम (निप्र)। आज से प्रारंभ होगा नर्मदापुरम जिले का प्रसिद्ध नागद्वारी मेला। पचमढ़ी में 10 दिन तक चलने वाले मेले का 29 जुलाई को होगा समापन। 10 दिन तक चलने वाले इस मेले में देशभर से श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचकर नागद्वार गुफा मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते हैं। मेले के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर एक बिंदु के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल के साथ-साथ होमगार्ड की टीम, स्वास्थ्य विभाग का अमला, प्रशासनिक अधिकारियों की टीम निरंतर मॉनिटरिंग के लिए उपस्थिति रहेगी। मेले के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी इस वर्ष विस्तार किया गया है जिसमें संख्या के मान से अधिक संख्या में वाहन पार्किंग की जा सकेगी।उक्त संबध में शुक्रवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने नागद्वारी मेले की तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नागद्वारी मंदिर पहुंच मार्ग में लगी लोहे की सीढ़ियों की मरम्मत सुनिश्चित कर ली जाए। साथ ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में चलित शौचायलयों की भी पर्याप्त संख्या तैनात रहे।मेले के दौरान भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था की जाए। मंदिर में प्रवेश एवं निकासी के अलग-अलग द्वार पूर्व नियोजित कर लिए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्वाइंट पर ड्यूटी में संलग्न कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी एक पॉइंट पर ज्यादा समय तक भीड़ जमा न हो। उन्होंने कहा कि पुलिस होम गार्ड तथा अन्य वॉलिंटियर्स जिनकी मेले में ड्यूटी लगाई गई है वह भीड़ की निरंतर आवाजाही सुनिश्चित करेंगे।कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की उचित कार्य योजना तैयार की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जगह-जगह पर गार्बेज कलेक्शन प्वाइंट बनाए जाएं। बैठक के दौरान कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए कि मेला क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक भी करें। कलेक्टर ने कहा कि मेले के दौरान विभिन्न मंडल के पदाधिकारी से चर्चा कर एसटीआर के समन्वय से कचरे के प्रबंधन एवं कलेक्शन प्वाइंट को निर्धारित करें।बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि आरटीओ यह सुनिश्चित करें कि भारी वाहनों का मेला अवधि तक मेला क्षेत्र में प्रवेश निषेध रहे।

# अम्ब्रेला डे पर रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में रहा उत्सव का माहौल
### नन्हें मुन्हें बच्चों को वर्षाकाल की सावधानियों के बारे में दी जानकारियां



नर्मदापुरम (निप्र)। ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में शुक्रवार को प्लेग्रुप और नर्सरी कक्षा के बच्चों ने अम्ब्रेला डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी तथा निदेशक श्रीमती जूही चटर्जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को अम्ब्रेला डे क्यों मनाया जाता है इस विषय पर संक्षिप्त जानकारी देकर की गई। बच्चों को बारिश से बचने के लिए छाते और रेनकोट के उपयोग उनके महत्व और वर्षा ऋतु में सुरक्षा के लिए उनकी भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया।इसके पश्चात नर्सरी कक्षा के बच्चों ने मिलकर सुंदर गीत बारिश आई बारिश आई पर मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसने सभी का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साह को और भी प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने प्रेरणादायक भाषण दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों को अम्ब्रेला प्रयोग के समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इन बातों को अत्यंत सरल और रोचक ढंग से समझाया। साथ ही बच्चों को सतर्क रहने और स्वच्छता बनाए रखने का भी संदेश दिया।बाद में प्ले ग्रुप और नर्सरी के बच्चों ने रंग.बिरंगे परिधानों में समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। जिसने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में एडमिन ऑफिसर श्रीमती विनिता जसलानी तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। संचालन सुश्री खुशी पटेल द्वारा किया गया। अंत में सुश्री खुशी पटेल ने सभी गणमान्य अतिथियों शिक्षकगणों एवं बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किया।पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन की कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती नेहा राठौर एवं श्रीमती रूचि राजपूत रहीं। अम्ब्रेला डे का यह अनूठा आयोजन बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम बना बल्कि उन्हें वर्षा ऋतु से जुड़ी सावधानियों और उपयोगी वस्तुओं की जानकारी भी प्राप्त हुई।

## नगर में सड़क के हालात को लेकर श्री समर्पण श्री संस्था ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



नर्मदापुरम (निप्र)। नगर की सड़कों की स्थिति अत्यंत ही खराब हो चुकी है। अधिकांश मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूली बच्चे, वृद्धजन, तथा दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन ढंग से किया जा रहा है। अक्सर देखा गया है कि नई बनी सड़कों की स्थिति कुछ ही महीनों में खराब हो जाती है। इसके पीछे निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। बिना गुणवत्ता परीक्षण के ठेकेदारों को भुगतान किया जाना एक गंभीर मामला नगर की जनता इस स्थिति से अत्यधिक पीड़ित है।

इस संबंध में श्री समर्पण श्री संस्था के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। कलेक्टर से मांग की गई है कि स्वयं सड़कों की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। संस्था यह अपेक्षा करती है कि एक सप्ताह के भीतर सड़कों के सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएँ। अन्यथा, संस्था जनहित में उक्त सड़कों पर शांतिपूर्ण आंदोलन हेतु बाध्य होगी।आपसे शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही की अपेक्षा है।इस दौरान संस्था के स्वदेश सैनी गोलू राजपूत राज खिल्लारे युवराज यादव दिव्यांश राजोरिया शिवांशु लोवंशी रजत रामरिया अनिल राजपूत वीरु पटवा रहमान खान मोहित यादव राहुल राव अजय यादव रजत कृष्ण राजपूत अभी यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संभागीय संयुक्त संचालक ने ली शिक्षा विभाग की बैठक

### योजनाओं के सम्बन्ध में दिए महत्तवपूर्ण निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। संभागीय संयुक्त संचालक लोकशिक्षण नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम डॉ. मनीष वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग जिला नर्मदापुरम की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 1 से 12 तक विद्यार्थियों का शत प्रतिशत नामांकन करने का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि विद्यार्थी कक्षा 1 से 12 तक ड्रॉप आउट नहीं हो एक सप्ताह की अवधि में 3.0 पोर्टल पर नामांकन पूर्ण किया जाए। विद्यार्थियों की प्रोफाइल 100त्न अपडेट होना चाहिए। पुस्तकों का 100 प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कर विमर्श पर वितरण संख्या अपलोड करे, साइकिलों का वितरण पात्र छात्रों को अति शीघ्र कराया जाए, सभी शिक्षक एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर विद्यालयों में उपस्थित हो। प्रार्थना का समय अधिकतम 20 मिनट रखा जाए। जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी/सहायक संचालक, एडीपीसी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य, विकासखंड स्रोत समन्वयक, जनशिक्षक लक्ष्यानुरूप सतत विद्यालयों की मॉनिटरिंग करें। श्री वर्मा ने कहा कि प्रत्येक शाला में टाइम टेबल कक्षा बार और शिक्षक बार अनिवार्य रूप से बनाया जाए। कक्षा शिक्षण टाईम टेबल अनुसार शिक्षक कक्षा में जावे। कलेंडर अनुसार पाठ्यक्रम इकाई पूर्ण करे। प्राचार्य कक्षा अवलोकन वॉक चॉक एंड टॉक की तर्ज पर करे। किसी भी विद्यालय में किसी शिक्षक के अनुपस्थित रहने पर कालखंड रिक्त ना रहे। विद्यालय में बच्चों को पूरी सुरक्षा प्रदान की जावे, विद्यालय में कोई अपराध न हो, बच्चों को स्व अनुशासन रहे। बाल कैबिनेट का गठन करे। श्री वर्मा ने कहा कि नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक माहौल में बदले।

### जिले में 1 जून से आज दिनांक तक 597.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 18 जुलाई को प्रात 8 बजे तक जिले में 597.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 264.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 17 जुलाई 2025 से 18 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 11.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी में 2.6 मिलीमीटर, माखननगर में 1.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 2.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 2.6 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 2.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 26.2 एवं तहसील डोलरिया में 2.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग – खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए इ–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू. जे.बी.पी. 108–2025 दिनांक 14.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** मंडल अभियंता (दक्षिण) अनुभाग के अंतर्गत इटारसी – जबलपुर सेक्शन पर यार्डों में सुधार के संबंध में, सीटीआर – 4.872 किमी., टीबीआर 1.259 किमी, टीटीआर (एफएस +टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस) 1/12–9 नग, 1/8.5–43 नग, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसी एमएससी) 1/12–3 नग, 1/8.5–15 नग, और टर्नआउट का टीएसआर 1 इन 12–1 नग, 1 इन 8.5–3 नग का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 3,94,30,761/–, **बयाना राशि रूपये–** 3,47,200/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे** – 05.08.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे–** 05.08.2025, उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक मंडल रेल प्रबंधक(कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ईनिविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com